## शहर में आज

- गांधी नगर पब्लिक स्कूल गांधीनगर में एकल गायन प्रतियोगिता सुबह 9.30 बजे से।
- नेहरू पब्लिक स्कूल जीजीआईसी रोड कुंदनपुर लाइनपार में तीन दिवसीय समर कैंप का समापन सुबह 10 बजे से।
- आरएसडी एकेडमी में समर वैकेशन के तहत प्रेम वंडर लैंड की एक मनोरंजक यात्रा का आयोजन सुबह 10 बजे से।
- जिला बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एसोसिएशन के नवीन सभा भवन में अपराह्न 3 बजे से।

# एडीएम प्रशासन ने दो डंपर और एक जेसीबी सीज की, हड़कंप

संवाददाता मैनाठेर

**अमृत विचार:** एडीएम प्रशासन ने खनन माफिया पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो डंपर व एक जेसीबी को सीज कर दिया। इस कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कंप मच गया।

मामला मैनाठेर क्षेत्र के इलाके का है। जहां पर कई दिनों से डंपर और जेसीबी के माध्यम से मिट्टी के अवैध खनन का कार्य किया जा रहा था। एडीएम प्रशासन एवं खनन इंस्पेक्टर ने सोमवार की देर रात खनन माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई करते हुए दो डंपर और एक जेसीबी को कब्जे में लिया है। बताया जा रहा है मैनाठेर इलाके में काफी समय से खनन माफिया मिट्टी उठाने का काम कर रहे थे। इतना ही नहीं पुलिस प्रशासन द्वारा दो डंपरों एवं एक जेसीबी को तो थाने में लाकर खड़ा कर दिया। थाना प्रभारी सर्वेंद्र शर्मा ने बताया कि खनन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो डंपरों व एक जेसीबी को सीज कर दिया गया है। वहीं इस कार्रवाई से खनन माफियाओ में हड़कंप मचा हुआ है।

### कालेज के बाहर से बाइक चोरी का वीडियो वायरल

**मैनाठेर, अमृत विचार :** डींगरपुर स्थित हबीबी इंटर कालेज के बाहर बाइक को चोरी करते हुए चोर की वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गई। मंगलवार को डींगरपुर स्थित हबीबी इंटर कालेज के बाहर गेट पर कुछ बाइक खड़ी थी। गेट पर खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। वीडियो में देखा जा रहा है कि एक युवक डींगरपुर से स्कूल के तरफ आता दिखाई दे रहा है। चोर स्कूल के बाहर खड़ी इस बाइक को उठा कर ले जाना लगा। बाइक चोरी की यह घटना स्कूल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे के कैद हो गई।

### कार सवार ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

**मैनाठेर, अमृत विचार:** मुरादाबाद-संभल रोड पर डींगरपुर चौराहे के पास गलत दिशा से जा रही कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मैनाठेर थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद सुभान पुत्र छोटे मिस्त्री तहरपुर की तरफ से अपने घर वापस आ रहा था। मुरादाबाद-संभल रोड पर देर शाम डींगरपुर की साइड से जा रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार सुभान को टक्कर मार दी। हादसे में सुभान बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की, लेकिन परिवार और गांव वालों ने युवक के शव का पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर युवक के शव को परिवार को सौंप दिया।

## रेलवे में लोडिंग व अनलोडिंग का काम करेंगी नई किलस्टर मशीन, ट्रायल जारी

# लगेज कोच से सामान उतारने-लादने में होगी सुविधा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ट्रेन के लगेज कोच में सामान उतारने-लादने में रेलकर्मियों को अब मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। कारोबारियों का भारी भरकम सामान ले जाने के लिए नई मशीन मददगार होगी। लोडिंग-अनलोडिंग का काम नई किलस्टर मशीन करेगी। यह मशीन एक बार में लगभग तीन टन बोझ उठाने में सक्षम है। मशीन से अभी सामान रखने और उतारने का ट्रायल चल रहा है।

रेलवे में पार्सल पोर्टर भारी भरकम सामान को कार्यालय से संबंधित ट्रेन के एसएलआर (लगेज कोच) तक लाने ले जाने का काम करते हैं। भारी भरकम सामान, पेटियां आदि सामान को उठाने और प्लेटफार्म तक रखकर वहां से हटाकर पार्सल दफ्तर तक पहुंचाने का काम करते हैं। ट्रेन संचालन के भीतर सामान को ढोना और बाहर निकालने में तेजी दिखानी पड़ती है, लेकिन उम्र दराज पोर्टरों के लिए अब सामान उतारना ढोना एकदम आसान नहीं है, लेकिन अब सामान ले जाने के लिए नई मशीन सुविधाजनक बनेगी।

मुरादाबाद में पार्सल पोर्टरों से बोझ कम करने को नई मशीन कारगर साबित होगी। रेल प्रशासन का मानना है कि स्टेशन पर ज्यादातर पार्सल पोर्टर अब बड़ी उम्र के है। इस दौरान भारी भरकम सामान ले जाने में असुविधा का सामना करना पड़ता है।

नई किलस्टर मशीन पार्सल लगेज को ले जाने में सहायक बनेगी। गाड़ी नुमा मशीन को चालक किसी भी एसएलआर तक आसानी से ले जा सकेगा। जहां पोर्टर कोच में रखने और उतारने का काम करेंगे। वहीं मुरादाबाद में पार्सल पोर्टर केवल 28 हैं। ग्रुप डी में शामिल 1995 में भर्ती के दौरान पोर्टरों की संख्या 160 थी, लेकिन नई भर्ती न होने से पोर्टरों की संख्या घट रही है। जबकि नई गाड़ियों के संचालन से इन पर काम का बोझ बढ़ रहा है। अगले महीने एक और पोर्टर के सेवानिवृत्ति से यह संख्या और कम हो जाएगी।

### हरिद्वार और बरेली में हुआ ट्रायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पार्सल पोर्टर पर बोझ डालने की बजाय मशीन से आसानी से सामान की लोडिंग अनलोडिंग की प्रक्रिया को आसान बनाया जा रहा है। रेलवे ने इस मशीन से हरिद्वार और बरेली में ट्रायल भी किया। रेल प्रशासन का मशीन से ट्रायल तकरीबन सफल रहा। रेलवे का कहना है कि मशीन के संचालन की मंजूरी मिली तो इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुनिंदा स्टेशनों से शुरू किया जाएगा।

> पार्सल कार्यालय और ट्रेन के एसएलआर कोच से सामान की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए नई मशीन से ट्रायल किया जा रहा है। इसकी मंजूरी के बाद नई मशीन को विभिन्न स्टेशनों पर रखा जाएगा। इससे पार्सल पोर्टरों का काम आरामदायक और सुविधाजनक होगा।
>
> – **आदित्य गुप्ता,** सीनियर डीसीएम

## एक नजर

### खाली प्लॉट में मवेशी काटने वाले पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में खाली पड़े प्लॉट पर मवेशी काटने का मामला सामने आया है। इसमें प्लॉट मालिक ने अज्ञात के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर भी दर्ज करा दी है। यह मामला मोरा मुस्तकम गांव का है। यहां के निवासी राजीव कुमार ने बताया कि उनके गांव से बाहर चट्टा पुल की तरफ अधिवक्ता जयवीर सिंह के फार्म हाउस के पास उनका प्लाट खाली पड़ा है। 18 मई की रात में किसी जानवर को काट दिया। सुबह जब वह प्लाट पर पहुंचे तो देखा कि मृत पशु के कुछ अवशेष पड़े थे। उन्होंने लोगों के सहयोग से अवशेषों को उठाकर सड़क किनारे फिंकवा दिया था। इस मामले में सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि राजीव ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी थी। जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। जांच कर कार्रवाई करेंगे।

### जहरीला पदार्थ खाकर महिला ने दी जान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र की महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। जैतिया सादुल्लापुर निवासी माया (28) पत्नी सतपाल की मौत जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हुई है। बताया जा रहा है कि महिला पति की चोरी करने की आदत और बच्चे न होने के तानों से परेशान थी। परिजन के मुताबिक, माया ने मंगलवार सुबह घर में रखी गेहूं की जहरीली दवा खा ली थी। हालत बिगड़ने पर अस्पताल लाया गया था। मृतक के पति पर घर में रखे पैसे की चोरी करने का भी आरोप है।

# रामगंगा विहार उपकेंद्र पर बिजली कटौती पर उपभोक्ताओं का हंगामा, बुलानी पड़ी पुलिस

## बीसीबी मशीन में फाल्ट से तीन घंटे गुल रही पांच हजार उपभोक्ताओं की बिजली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** फाल्ट और बिजली कटौती को लेकर एक महीने से विद्युत निगम के अधिकारियों के सारे प्रयास विफल होते जा रहे हैं। सोमवार की रात रामगंगा विहार विद्युत उपकेंद्र में बीसीबी मशीन में फाल्ट होने से 3 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहीं। भीषण गर्मी में परेशान उपभोक्ताओं की उपकेंद्र पर भीड़ जुट गई और कोई आश्वासन न मिलने पर उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा कर रही भीड़ को काबू करने के लिए अधिशासी अभियंता को पुलिस तक बुलानी पड़ी। इस दौरान तीन घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं नवीन नगर, पीली कोठी, कमिश्नर कंपाउंड, चक्कर की मिलक, नया गांव अवंतिका कॉलोनी में रात भर बिजली आपूर्ति आती जाती रही। लोगों को रात में बिजली की आवाजाही से परेशानी को सामना करना पड़ा।

विद्युत उपकेंद्र रामगंगा विहार में सोमवार की रात साढ़े नौ बजे बीसीबी मशीन में हीट होने के कारण फाल्ट हो गया। जिससे मशीन अगले दिन तक सही नहीं हो सकी।

साढ़े दस बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहने पर सैकड़ों उपभोक्ताओं की भीड़ विद्युत केंद्र पर जमा हो गई। काफी प्रयास के बाद भी बिजली आपूर्ति सुचारू न होने पर वहां मौजूद उपभोक्ताओं ने हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ता देख वहां मौजूद अधिशासी अभियंता वितरण खंड द्वितीय शैलेंद्र सिंह को पुलिस बुलानी पड़ी।

मौके पहुंची पुलिस को देख हंगामा करने वाले लोग शांत हो गए। इस बीच रात साढ़े बारह बजे तक फाल्ट सही नहीं हो पाया। बिजली कर्मचारियों ने 12 बजे दूसरे फीडर से रामगंगा विहार की बिजली आपूर्ति सुचारू की। जिससे 3 घंटे बाद उपकेंद्र से जुड़े 5 हजार उपभोक्ताओं की बिजली व्यवस्था सुचारु हो सकी। वहीं नवीन नगर, पीली कोठी, कमिश्नर कंपाउंड, चक्कर की मिलक, नया गांव अवंतिका कॉलोनी के रहने वाले 7 हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति रात कई बार एक से दो घंटे के लिए बाधित रही। वहां रहने लोगों का कहना है कि पिछले दस दिन से बिजली आवाजाही से घरों में वैकल्पिक व्यवस्था में इनवर्टर के बैटरे भी खराब होने की ओर है। महानगर के बड़े कारोबारी भी बिजली विभाग को बिलों की बड़ी धनराशि देने के बाद भी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।



रामगंगा विहार विद्युत केंद्र पर बीसीबी मशीन में हुआ फॉल्ट।

> रात में रामगंगा विहार विद्युत केंद्र पर बीसीबी मशीन खराब हो गई। काफी प्रयास के बाद भी मशीन सही नहीं हो सकी। बढ़ती गर्मी से लोगों को परेशानी न हो इसलिए अभी फिलहाल रामगंगा बिहार के फीडर को दूसरे फीडर से जोड़ दिया गया। मशीन ओवरलोड होने के कारण फुंकी है।
>
> **–शैलेंद्र सिंह,** अधिशासी अभियंता वितरण खंड द्वितीय

**दिक्कत**

- बिजली गुल रहने से लोगों को गर्मी में झेलनी पड़ी परेशानी
- नवीन नगर, पीलीकोठी व नया गांव में बाधित रही आपूर्ति

### ट्रैक्टर का बैटरा चोरी करने वाले को सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चोरी के मामले में न्यायालय एफटीसी-3 विमल वर्मा ने मंगलवार को अभियुक्त सुरेंद्र पुत्र महेंद्र सिंह को एक वर्ष एक माह का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इसे विरुद्ध 2,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मधु रानी ने बताया कि अभियुक्त सुरेंद्र मझोला थाना क्षेत्र में भोला सिंह की मिलक का रहने वाला है। सुरेंद्र पर आरोप था कि इसने 16 मार्च 2020 को अगवानपुर शुगर मिल के पास से ट्रैक्टर का बैटरा चोरी किया था। यह घटना सत्य पाई गई और अभियुक्त को सजा मिली है। इस मामले की विवेचना सिविल लाइन थाने के दरोगा संदीप कुमार ने की थी।

### पिता-पुत्र समेत तीन पर मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला के लोधीपुर जवाहरनगर निवासी विपिन की तहरीर पर पुलिस ने उसी गांव राजवीर, उसके भाई डालचंद्र और बेटे विक्रम के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। विपिन का कहना है कि उन्होंने अपने प्लाट पर काम कराया था। उसी दौरान तीनों आरोपी वहां आए और गाली-गलौज के बाद मारपीट की।

# दबंगों ने घर में घुसकर पिता और पुत्री को किया घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** छजलैट थाना क्षेत्र के गांव चंगेरी में दबंगों ने घर में घुसकर युवती और उसके पिता पर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया है। युवती का आरोप है कि हमलावरों ने उसके साथ अश्लीलता और छेड़खानी भी की है।

पीड़िता का आरोप है कि इस मामले में उसने छजलैट थाने में तहरीर दी थी। लेकिन, सुनवाई नहीं हुई फिर उससे दूसरा प्रार्थना पत्र देने को कहा गया। इसके बाद एनसीआर दर्ज करने की कार्रवाई हुई। थाने से संतुष्ट न होकर युवती मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची थी, जहां उसने एसएसपी को आपबीती बताई। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि थाना स्तर से कार्रवाई न होने पर आरोपियों के हौसले बढ़े हैं। वह लोग उसे और उसके पिता को लगातार जान से मारने और अंजाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि घटना 17 मई दोपहर 3 बजे के समय की है। गांव के ही चार लोग एक राय होकर उसके घर में घुस आए थे। इन सभी के हाथों में लोहे की सरिया और लाठी-डंडे थे। आरोपियों ने घर में घुसते ही युवती को पकड़ लिया, जब उसने शोर मचाया तो उसके पिता घर के कमरे से बाहर आए। घर में बेटी से छेड़छाड़ कर रहे गांव के लोगों को देख एक पल के लिए भयभीत हो गए। फिर उन्होंने आरोपियों के हाथ से बेटी को छुड़ाने का प्रयास किया तो आरोपी ने उनके सिर पर लोहे की रॉड से प्रहार कर दिया। इसमें वह घायल हो गए थे, उनके सर से खून निकलने लगा था। पीड़िता ने बताया कि उसके पिता के सिर में तीन टांके लगे हैं। उनके होंठ में भी चोट आई है। पीड़िता ने बताया कि उसका और उसके पिता का सरकारी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण हुआ है। लेकिन, थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। उधर, एसएससी हेमराज मीना ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर छजलैट थानाध्यक्ष को तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

**आरोप**

- थाने पर नहीं हुई सुनवाई तो एसएसपी से की शिकायत
- एसएसपी ने छजलैट थानाध्यक्ष को दिया कार्रवाई का आदेश

# उप प्रधानाचार्य के विरुद्ध एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- छात्र को आत्महत्या के लिए उकसाने का लगाया आरोप
- छात्र ने महिला शिक्षक के साथ आपत्तिजनक हालत में देखा था

**अमृत विचार :** मझोला थाना पुलिस ने उप प्रधानाचार्य पर छात्र के साथ मारपीट कर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। यह प्राथमिकी पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर और पीड़ित छात्र की मां की तहरीर पर दर्ज की है।

नया गांव गागन निवासी कविता राघव पत्नी रिंटू राघव प्राइवेट नौकरी करती हैं। कविता ने बताया कि उनका बेटा प्रिंस राघव (14) लाकड़ी स्थित निजी स्कूल में कक्षा-7 का छात्र था। 14 फरवरी को प्रिंस राघव ने घर आकर बताया कि उसने स्कूल में उप प्रधानाचार्य शबाबुल आलम को एक महिला अध्यापक के साथ जीने पर आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। जिसके बाद शबाबुल आलम ने उसे बहुत मारा। आरोप है कि छात्र से शबाबुल आलम ने स्कूल आने से रोक दिया था। छात्र की मां ने बताया, उनका बेटा काफी होनहार था और कक्षा में मॉनीटर था। इसलिए उसे काफी समझाया कि तुम अपनी पढ़ाई पर ध्यान दो और मैं स्कूल में बात कर लूंगी। आरोप है कि अगले दिन जब छात्र प्रिंस स्कूल गया तो आरोपी उप प्रधानाचार्य शबाबुल आलम ने फिर उसकी पिटाई कर दी। साथ ही धमकी दी कि चुपचाप बैठे रहना यदि किसी से कुछ कहा तो तेरा बुरा हाल कर दूंगा। जिसके बाद छात्र घर आया और 15 फरवरी 2024 को ही दोपहर करीब 3 बजे गले में फंदा लगाकर छत के पंखे से लटक कर जान दे दी थी।

कविता राघव ने पुलिस को यह भी बताया है कि मौत और बेटे के घर आने से पहले जब वह स्कूल में मौजूद था तो उसके मोबाइल पर शबाबुल आलम ने कई बार कॉल की थी। जबकि, उस समय छात्र प्रिंस राघव स्कूल में ही था। पीड़िता ने बताया कि इस मामले में पुलिस में शिकायत की। लेकिन, उनकी सुनवाई नहीं हुई। कोर्ट में अर्जी लगाई, जहां से एफआईआर के आदेश हुए हैं। मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी शबाबुल आलम के खिलाफ मारपीट और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है।

### बीमा अभिकर्ता की कार का शीशा तोड़ा, मारपीट भी की

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जान से मारने की कोशिश करने वाले के विरुद्ध पीड़ित बीमा अभिकर्ता ने मैनाठेर थाने में नामजद एफआईआर दर्ज करा दी है। यह मामला डींगरपुर में पाकबड़ा मोड़ का है। इस मामले में पीड़ित ने हमला करने वाले फरहान को नामजद किया है। गुरेर गांव के मोहम्मद नासिर ने बताया कि वह फाइनेंस का काम करते हैं। 19 मई के दिन दोपहर करीब 3.30 बजे डींगरपुर पाकबड़ा मोड़ के पास खड़े थे। वहीं पर फरहान पुत्र शमीम निवासी डींगरपुर आ गया और उनसे गाली-गलौज करने लगा था। विरोध करने पर आरोपी ने उनकी कार पर सामने से डंडा मार दिया, इससे उनकी कार का सामने का शीशा भी टूट गया। आरोपी ने मोहम्मद नासिर पर डंडे से वार कर दिया। इससे उनके चोट आई।

# हाईवे पर पौधों को पानी दे रहे टैंकर से टकराया ट्रक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हाईवे पर एनएचएआई के पानी वाले टैंकर काल बनने लगे हैं। यह सुरक्षित यातायात में बड़ी बाधा बनकर सामने आ रहे हैं। अभी 9 मई को भी पाकबड़ा जीरो प्वाइंट पास डीसीएम पानी के टैंकर में टकराई थी और उसमें डीसीएम चालक अंसार (37) पुत्र इलियास की मौत हो गई थी। इसके बाद भी एनएचएआई नहीं चेता और नतीजा ये हुआ मंगलवार को फिर एक हादसा हो गया। हाईवे पर पाकबड़ा में नीम करौली आश्रम के पास पानी के टैंकर में ट्रक टकरा गई। हादसे में घायल चालक को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा है। इसकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है।

घटनास्थल पर प्रभारी निरीक्षक यातायात अनुराधा सिंघल अपनी टीम के साथ पहुंची थीं। इनके साथ मौजूद हेड कांस्टेबल जयवीर सिंह, राजकुमार और होमगार्ड नवल व सुनील ने रेस्क्यू कर क्षतिग्रस्त ट्रक में फंसे चालक भगवत सरन पुत्र विजय पाल को सुरक्षित बाहर निकाला। चालक बरेली जिले में नवाबगंज तहसील के गांव पनवढ़िया परतीतपुर का रहने वाला है। इसे तुरंत एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है। उधर, प्रभारी निरीक्षक यातायात ने हाईवे पर एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम को खबर कर तुरंत क्रेन मंगाई और क्षतिग्रस्त ट्रक को मार्ग से किनारे कराया। हादसे के बाद टैंकर चालक मौके से भाग गया था। प्रभारी निरीक्षक यातायात ने बताया कि ट्रक दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर रामपुर की तरफ जा रहा था। पाकबड़ा कस्बे के समीप नीम करौली आश्रम के सामने हाईवे के डिवाइडर पर लगे पौधों को टैंकर से पानी दिया जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आई ट्रक टैंकर में टकरा गई। ट्रक के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने बताया कि वह और उनकी टीम हाईवे पर राउंड ले रही थी, उसी दौरान एक बाइक सवार राहगीर ने उन्हें रोककर हादसे की खबर दी थी।




मौके पर मौजूद टीआई अनुराधा सिंघल। ● अमृत विचार

- नौ मई को भी एनएचएआई के पानी वाले टैंकर से हुआ था हादसा, चालक की गई थी जान

**अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस** | मेहमानों की आवभगत के साथ ही रोजगार का माध्यम भी बनी है चाय

# पानी के बाद दुनिया का सबसे सर्वाधिक पेय पदार्थ है चाय

धर्मेंद्र सिंह, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** चाय दुनिया का पानी के बाद सबसे ज्यादा पिया जाने वाला पेय पदार्थ है। शायद ही कोई घर ऐसा हो जहां दिन की शुरुआत चाय से न होती हो। भले ही वो अपनी पसंद की चाय पीते हों जैसे, दूध वाली चाय, ब्लैक टी, ग्रीन टी, रोज टी, लेमन टी, तुलसी टी। हर साल 21 मई को विश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाया मनाया जाता है।

मुरादाबाद महानगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में हर प्रमुख चौक चौराहे, रेलवे स्टेशन, रोडवेज पर वर्षों पुरानी चाय की दुकानें आज भी उपलब्ध हैं। महानगर में लगभग हर प्रमुख बाजार और चौक चौराहों में कुछ स्थानों पर चाय की दुकान 24 घंटे खोली जाती हैं। बड़े होटल व रेस्टोरेंट में लोग अब चाय के नये-नये तरीकों से बनी ड्राई फ्रूट चाय, कुल्लड़ चाय, तुलसी चाय, लैमन चाय की चुस्की लेते लोग देखे जा सकते हैं।

मुरादाबाद महानगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में हर प्रमुख चौक चौराहों, रेलवे स्टेशन, रोडवेज पर वर्षों पुरानी चाय की दुकानें आज भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा नगर के बड़े रेस्टोरेंट में अलग-अलग फ्लेवर में जैसे ड्राई फ्रूट चाय, कुल्हड़ चाय, तुलसी चाय, लेमन चाय की चुस्की लेते लोग देखे जा सकते हैं। साथ ही जिले की सीमाओं पर भी कई ढाबों पर सुट्टा चाय और मक्खन वाली चाय का चलन चलने लगा है।

महज एक कप चाय इंसान को दिमागी राहत देने के लिए काफी है। प्रधानमंत्री ने विश्व चाय दिवस मनाने की पहल की थी। जिसे अब विश्व स्तर अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जा रहा है। मुरादाबाद में कई ऐसे लोग मिसाल हैं, जिन्होंने अपनी कई पीढ़ियों का पालन पोषण महज चाय की दुकान से किया है।

**2015 से शुरुआत हुई अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस की :** पहले चाय का उत्पादन करने वाले इस दिन को 15 दिसंबर को मनाते थे। लेकिन, वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के माध्यम से आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र संघ में रखा गया। जिसको 21 दिसंबर 2019 को मान्यता दी गई। 21 मई को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस घोषित कर दिया गया। जिसके बाद 21 मई 2020 में पहली बार अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस (इंटरनेशनल टी डे) मनाया गया।



रेलवे स्टेशन के सामने दुकान पर चाय बनाता युवक। ● अमृत विचार

### 100 साल पुराना है शर्मा टी स्टॉल

रेलवे स्टेशन के सामने शर्मा टी स्टॉल 100 साल पुराना है। कुछ लोग आज भी अपनी रिश्तेदारों में आते हैं तो यहां की चाय का आनंद लेना नहीं भूलते। उनसे बात करने में पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं। 40 वर्ष से दुकान चला रहे शिवदत्त शर्मा के मुताबिक उनकी दुकान 100 वर्ष पुरानी है। इनकी उम्र 58 वर्ष है। इस दुकान की इनके पिता व दादा ने शुरुआत की थी। हमारे पूरे परिवार का पालन पोषण चाय दुकान ही हुआ है। उन्होंने बताया कि पहले कुल्हड़ में चाय पीने का आनंद कुछ और था। लेकिन, बीच में काफी साल पहले सरकार ने कुल्हड़ बंद करा दिए। तब से शीशे के गिलास में चाय बिकनी शुरू हुई थी।

### पाकबड़ा के बॉबी टी स्टॉल के मुरीद हैं लोग

पाकबड़ा निवासी रामचंद्र सैनी करीब 26 से 27 साल पहले चाय की दुकान चलाया करते थे। तभी से लोग उनकी चाय के मुरीद हो गए थे। उसके बाद चाय की दुकान की जगह एक दो बार बदल गई लेकिन, लोगों ने उन्हें ढूंढ-ढूंढ कर उन्हें की ही चाय पीना चाहा। उनके के बाद बेटे बॉबी ने चाय की दुकान संभाली तब से लेकर कर अब तक वह दुकान चला रहे हैं। उनके साथ में उनके बेटे अजीत भी उन्हीं की तरह चाय बनाने सीख गए हैं।

# मादक पदार्थ की तस्करी में तीन को कठोर कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में तीन अभियुक्तों बाबू उर्फ अब्दुल कादिर, अच्छन बेग और रोहित को न्यायालय ने सजा सुनाई है। इसमें चक्कर की मिलक निवासी अभियुक्त बाबू उर्फ अब्दुल कादिर पुत्र रमजानी को न्यायालय एडीजे-7 मनीष कुमार ने सात माह 15 दिन के कठोर कारावास के साथ ही 3,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जबकि अभियुक्त अच्छेन बेग पुत्र पुत्तन निवासी जहाज वाली बिल्डिंग बरबलान थाना मुगलपुरा को न्यायालय सिविल जज सीनियर डिविजन मुनींद्र पाल सिंह ने जेल में बिताई गई अवधि (पांच दिन) व 2,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नीलम वर्मा ने बताया कि अभियुक्त बाबू उर्फ अब्दुल कादिर को 13 दिसंबर 2018 को सिविल लाइन थाने के दरोगा प्रेमपाल सिंह ने चक्कर की मिलक से ही गिरफ्तार किया था। इसके पास से उन्होंने 12 ग्राम स्मैक बरामद की थी। दूसरी तरफ एपीओ विजय कुमार ने मादक पदार्थ की तस्करी के अभियुक्त अच्छन बेग के मामले में बताया कि इसे 2 अप्रैल 2018 को मुगलपुरा थाने के दरोगा नाशिद अली ने राशिद बिरयानी सेंटर मुहल्ला बरबलान से गिरफ्तार किया था। इसके पास दरोगा ने 100 ग्राम चरस बरामद की थी। उधर, दूसरी तरफ मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में न्यायालय एडीजे-7 मनीष कुमार ने मंगलवार को अभियुक्त रोहित को एक वर्ष चार माह का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 3,000 रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

## एक नजर



स्टॉल लगाकर शरबत वितरण करते जीसस इज लाइफ चर्च के सदस्य।

### राहगीरों की प्यास बुझाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मई में इस बार आसमान से आग बरस रही है। तेज धूप लोगों को झुलसा रही है। मंगलवार को जीसस इज लाइफ चर्च की ओर से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सड़क किनारे स्टॉल लगा कर ठंडा शरबत वितरण किया। दिल्ली रोड स्थित जैन मंदिर के पास संस्था के सदस्य शुभम राजपूत और शक्ति सक्सेना के नेतृत्व में उनकी टीम ने शरबत वितरण किया। कड़ी धूप में रोड पर चल रहे राहगीरों और ऑटो व रिक्शा चालकों को शरबत पिलाया गया। आयोजन में शुभम राजपूत, उज्ज्वल श्रीवास्तव, राहुल मसीह, जकी अहमद, आकाश कश्यप, लकी, अश्वनी, कशिश मसीह आदि लोग मौजूद रहे।

# धमकी: भाई से पैसे मांगता है कैफे में ही जान से मार दूंगा

- दबंगों ने महिला ग्राहकों से अश्लीलता और छेड़खानी भी की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भाई से पैसा मांगता है...कैफे में ही जान से मार दूंगा, मेरा पुलिस भी कुछ नहीं कर सकती...। जी हां, इस तरह से दबंग युवक कैफे वाले को धमका रहे हैं। उसके कैफे पर खाते-पीते हैं और संचालक को गालियां भी देते हैं।

कैफे संचालक पिछले एक महीने से परेशान है। कैफे नगर कोतवाली क्षेत्र के बुध बाजार में स्थित एचडीएफसी बैंक के दूसरे तल के भवन में संचालित है। आरोप है कि कैफे पर आने वाली महिलाओं व युवतियों से आरोपी युवक अश्लील टिप्पणी भी करते हैं। इस मामले का एक वीडियो भी संचालक के पास मौजूद है। जिसमें दबंग युवकों की गतिविधि कैद हैं। फिलहाल, परेशान कैफे संचालक की शिकायत को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। मोहम्मद सलमान पुत्र मोहम्मद हाजी सुल्तान ने बताया कि वह कटघर थाना क्षेत्र के रहमत नगर करुला गली नंबर-एक के रहने वाले हैं। इन्होंने दबंगों के मामले में एसएसपी हेमराज मीना को बताया है। इन दबंगों में उन्होंने एक व्यक्ति का नाम भी एसएसपी को बताया है। आरोप है कि दबंग कैफे में आते हैं और मनचाहे पकवान का ऑर्डर देकर खाते-पीते हैं। भुगतान मांगने पर एक दबंग के अन्य साथी धमकाते हैं। साथ ही कैफे संचालक से गाली-गलौज करते हैं। आरोप है कि आरोपियों के आने के समय यदि कैफे में कोई महिला व युवती पहले से होती है तो उससे अश्लीलता कर उसे भगा देते हैं। कैफे संचालक ने एसएसपी को संबंधित वीडियो भी दिखाया है। इस मामले में एसएसपी ने कटघर थानाध्यक्ष को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।

## अकबर का किला से हरथला व हिमगिरी कालोनी में चला अभियान

# नोकझोंक के बीच ध्वस्त किया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम ने मंगलवार को कांठ रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जिसमें निगम के बुलडोजर ने सड़क व नाले पर हो रहे अतिक्रमण को ध्वस्त किया।

नगर निगम की टीम ने मंगलवार को अकबर किले से हरथला होते हुए हिमगिरी कालोनी तक जबरदस्त अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान में सड़क किनारे व नाले पर हो अतिक्रमण को बुलडोजर द्वारा ध्वस्त किया गया। इस दौरान बीच-बीच में निगम टीम की स्थानीय लोगों से तीखी नोकझोंक भी हुई। हिमगिरी कॉलोनी में एक युवक द्वारा सड़क किनारे गाड़ी खड़ी करने के लिए लोहे का जाल बनाया गया था। निगम टीम ने उसे हटाने की कोशिश की तो उसने विरोध जताया। मौके पर मौजूद अपर नगरायुक्त अजीत कुमार सिंह व संयुक्त नगर अयुक्त निशा मिश्रा के सख्त तेवर के चलते उसका विरोध ज्यादा देर तक चल नहीं सका। इस बीच बुलडोजर द्वारा जाल को हटाया गया। जिसके बाद सड़क किनारे लगे ठेलों को जब्त करने की कार्रवाई की गई। नगर अयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि जिन लोगों ने सड़क किनारे और दुकानों के आगे और नालों पर अतिक्रमण कर रखा है, उनके खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



कांठ रोड पर अतिक्रमण को ध्वस्त करती नगर निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार

# ट्रेनों की लेटलतीफी से बढ़ी यात्रियों की दुश्वारी

## किसान आंदोलन खत्म पर नहीं सुधरा ट्रेनों का संचालन, कई ट्रेनें देरी से पहुंचीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को भीषण गर्मी में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान आंदोलन खत्म होने के बाद भी ट्रेनों के संचालन में सुधार नहीं आया है। ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों की मुसीबतें गर्मी में बढ़ती जा रही है। मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली ज्यादातर ट्रेनें एक घंटे से 20 घंटे लेट होकर चल रही है। जिसकी वजह से यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर समय काटना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी लंबी दूरी पर चलने वाली ट्रेनों में आ रही है। मंगलवार को भी मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली 10 से ज्यादा ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची।

भीषण गर्मी में ट्रेन में सफर करने वाले यात्री दुश्वारियों झेल रहे हैं। रेलवे प्रशासन द्वारा गर्मी में चलाई गई समर स्पेशल व दैनिक ट्रेनें अपने समय पर मुरादाबाद नहीं पहुंच पा रही है। जिससे यात्री काफी परेशान है। पिछले एक महीने की बात करते तो समर स्पेशल व एक्सप्रेस ट्रेनों से बुरा हाल है। मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली ट्रेनें एक से 20 घंटे की देरी से पहुंची रही हैं। यात्रियों का कहना है कि सफर से ज्यादा ट्रेनों के इंतजार में समय गुजारना पड़ रहा है। मुरादाबाद से होकर जाने वाली ट्रेन अमृतसर गरीब रथ अपने निर्धारित समय से 26 घंटे की देरी से पहुंची। कटरा समर स्पेशल ट्रेन भी मुरादाबाद में सात घंटे की देरी से पहुंची। सोमवार को अंबाला में चल रहा किसान आंदोलन भी समाप्त हो गया। उसके बाद भी ट्रेनों के संचालन में सुधार नहीं आया है।



रेलवे स्टेशन परिसर में ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। ● अमृत विचार

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 12203 | अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस | 26 घंटे 25 मिनट |
| 12238 | बेगमपुरा एक्सप्रेस | पांच घंटे 43 मिनट |
| 04623 | कटरा समर स्पेशल | सात घंटे 12 मिनट |
| 12207 | जम्मूतवी गरीब रथ | तीन घंटे 20 मिनट |
| 14618 | जनसेवा एक्सप्रेस | चार घंटे 36 मिनट |
| 15035 | काठगोदाम संपर्क क्रांति | एक घंटा 18 मिनट |
| 12332 | हिमगिरी एक्सप्रेस | छह घंटे 18 मिनट |
| 22423 | अमृतसर जनसाधारण | 19 घंटे 18 मिनट |
| 12587 | जम्मूतवी अमरनाथ सुपरफास्ट | नौ घंटे 21 मिनट |
| 14673 | शहीद एक्सप्रेस | चार घंटे सात मिनट |

# नीमा के डॉक्टरों ने सीएमओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंगलवार को नेशनल इंटिग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) से जुड़े डॉक्टरों ने को सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

इस दौरान उन्होंने विभाग में कार्यरत अधिकारियों पर चिकित्सकों के यहां छापेमारी करके उनके विरुद्ध एफआईआर कराने की धमकी देकर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन का नेतृत्व नीमा के महासचिव डॉ. नाजिम खां ने किया। डॉ. शकील अहमद समेत नीमा से जुड़े कई चिकित्सकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए इस मामले में उचित कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह कार्यालय में मौजूद नहीं थे। वह प्रयागराज में थे। सीएमओ ने बताया कि नीमा से जुड़े चिकित्सकों के आरोपों की जांच कराकर समुचित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर उपाध्यक्ष डॉ. शाहबउद्दीन, डॉ. आरिफ रजा नकवी, डॉ. सदफ जमाल, डॉ. रिजवान अहमद समेत अन्य लोग शामिल रहे।



सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन करते नीमा से जुड़े चिकित्सक। ● अमृत विचार

# 4 जून को सुबह 6.30 बजे खोला जाएगा स्ट्रांग रूम

- प्रेक्षक, रिटर्निंग ऑफिसर, प्रत्याशी और अभिकर्ता रहेंगे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम ( जिनमें मतदान उपरांत सील्ड ईवीएम रखी गई हैं ) 4 जून को सुबह 6.30 बजे खोला जाएगा । इस अवसर पर प्रेक्षक, रिटर्निंग ऑफिसर, प्रत्याशी और अभिकर्ता मौजूद रहेंगे। इसमें लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 06-मुरादाबाद और 08-संभल के मतों की गणना का कार्य किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के मद्देनजर मतगणना परिसर में विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। साथ ही सुरक्षा जांच की भी व्यवस्था की गई है। इससे मतगणना स्थल/ स्ट्रांग रूम तक पहुंचने में समय लगना संभावित है।

इसलिए कृषि उत्पादन मंडी समिति मझोला में प्रेक्षक, रिटर्निंग ऑफिसर, प्रत्याशी और अभिकर्ताओं को सुबह 6.30 बजे तक उपस्थित होने को कहा गया है। इसके बाद संबंधित की उपस्थिति में ईवीएम स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। इसी प्रकार डाक से प्राप्त होने वाले मतपत्र ट्रेजरी के डबल लॉक में रखवाए जा रहे हैं। इनको 4 जून को सुबह 6 बजे मतगणना के लिए मंडी समिति लाया जाएगा। इसके लिए उम्मीदवार अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर सकते हैं।

## मुरादाबाद, संभल के मतों की गणना को तय हुए कक्ष

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 06-मुरादाबाद और 08-संभल के मतों की गणना के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने आदेश जारी कर दिए हैं।

इसके लिए 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से कृषि उत्पादन मंडी समिति, थाना मझोला, मुरादाबाद के गोदामों में मतगणना की व्यवस्था की गई है। इसके विधानसभावार कक्ष तय किए गए हैं। इसमें मुरादाबाद की 25-कांठ विधानसभा के मतों की गणना हाल नंबर 03, 26-ठाकुरद्वारा विधानसभा हाल नंबर 04, 27- मुरादाबाद ग्रामीण विधानसभा हाल नंबर 05, 28- मुरादाबाद नगर विधानसभा हाल नंबर 06, लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 08-संभल के मतों की गणना 29- कुंदरकी विधानसभा हाल नंबर 01, 30-बिलारी विधानसभा के मतों की गणना हाल नंबर 02 में होगी। डाक मतपत्रों की गणना हाल नंबर 08 में होगी।

# तबादले रद कराने को रेलकर्मी मुखर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंगलवार को रेल मंडल में सिग्नल और दूरसंचार विभाग में हुए तबादलों को रद कराने की मांग को लेकर आंदोलनरत रेल यूनियन ने अनोखे तरीके से विरोध जताया। रेल कर्मियों ने डीआरएम कार्यालय पर ताली और थाली बजाकर न्याय मांगा। नरमू ने चेतावनी दी कि अगर विभाग में सभी कर्मियों के तबादले रद न हुए तो कर्मचारी सड़क पर उतरकर अपना विरोध जताएंगे।

नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने सिग्नल और दूरसंचार विभाग के तबादले को लेकर मंगलवार को अपना विरोध जताया। रेल कर्मचारी यूनियन ने भोजन अवकाश में अलग तरीके से विरोध किया। सभी रेल कर्मचारी डीआरएम कार्यालय की गैलरी में जमीन पर बैठ गए और सभी ने थाली बजाकर रेल अधिकारियों से न्याय मांगा। भोजन अवकाश में चले विरोध प्रदर्शन में मंडल मंत्री राजेश चौबे और मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा भी शामिल रहे। रेल कर्मचारी यूनियन ने चेतावनी दी कि तबादले रद न होने पर कर्मचारी बड़े आंदोलन करेंगे। इस मौके पर सहायक मंडल मंत्री एके सिंघल, कुंवर सुहैल खालिद, शिव राज सिंह, दीपक यादव, नफीस खां, खेमपाल सिंह, मोहित गुप्ता, विनेश ठाकुर, समीर माथुर, जगन्नाथ सिंह, सुनील सिंह, संजय वर्मा, अनिल सोनी, विनय पाल, राकेश मंगाई, अनुज कुमार, राजेंद्र सैनी, रजा खां, संजू, आकिल, देवेन्द्र सिंह, शुभम भंडारी व उर्मिला शामिल रहे।




डीआरएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते रेल कर्मचारी। ● अमृत विचार

**आरओबी** अभी नहीं पड़ी रूट डायवर्जन की जरूरत, वाहनों की बेरोकटोक आवाजाही जारी

# पंडित नगला पुल पर निर्माण कार्य में आई तेजी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पंडित नगला रेल क्रॉसिंग पर आरओबी का काम शुरू होने के बावजूद अभी रूट डायवर्जन की नौबत नहीं आई है। एक साल तक आरओबी बनाने के लिए यातायात पुलिस ने नए पैटर्न अपनाया है। बताया गया कि पुल पर काम बढ़ने पर ही रूट डायवर्जन की जरूरत पड़ेगी। जबकि काम शुरू होने के बाद भी रोड से वाहनों की आवाजाही कम हुई है। इसका एक कारण स्कूलों में अवकाश व मौसम का प्रभाव को भी माना जा रहा है। इसी को देखते हुए रोडवेज प्रबंधन अपनी बसों को निर्धारित रूट से संचालित कर रहा है।

संभल, चंदौसी व अलीगढ़ मार्ग पर पंडित नगला होकर बसें व वाहनों की आवाजाही होती है। इस मार्ग पर रेल क्रासिंग वन-ए होने से कई बार सड़क मार्ग पर वाहनों का जाम लग जाता था। संभल, चंदौसी व अलीगढ़ जाने वाली कई ट्रेनें गुजरती हैं। रेल संचालन को सुरक्षित और हाईवे पर जाम के लिए रेल क्रासिंग पर दो लेन आरओबी को मंजूरी मिली। पुल बनाने का काम सेतु निगम कर रहा है। पुल बनाने की मियाद एक साल है। इसके लिए यातायात व प्रशासन ने वाहनों के लिए डायवर्जन प्लान तैयार किया। लेकिन प्लान पर अमल नहीं हो रहा। ब्रिज निर्माण के साथ ही रूट डायवर्जन की योजना बनाई गई। पर निर्माण शुरु हुए दो दिन बीत चुके हैं, लेकिन वाहनों के आने जाने पर अभी पाबंदी नहीं है। भारी वाहन व बसें भी अपने निर्धारित रूट से जा रही है। हालांकि यातायात पुलिस का भी मानना है कि पुल पर काम का दबाव कम होने से अभी से वाहनों को विकल्पों मार्ग से चलाना जरूरी नहीं है। माना जा रहा है कि ब्रिज पर निर्माण का काम बढ़ने पर ही रूट डायवर्जन की जरूरत होगी। यातायात निरीक्षक अनुराधा सिंघल के अनुसार पंडित नगला क्रासिंग पर अभी वाहनों की आवाजाही कम है। रोडवेज ने भी डायवर्जन न होने से बसों को अपने निर्धारित मार्ग से चला रहा है। एआरएम पीतल नगरी प्रेम सिंह ने बताया कि संभल व चंदौसी के लिए बसें अपने पुराने रूट से चल रही हैं।



पंडित नगला रेलवे क्रॉसिंग के पास बने डिवाइडर से गुजर रहे हैं वाहन। ● अमृत विचार



आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी कार्यशाला में विचार रखते विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

## नवीन विधियों से बनाएं हिंदी को रुचिकर

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी पाठ्यक्रम ए में दो दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन किया गया। कार्यशाला का आरंभ डॉ. मौसम सिन्हा, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हेमंत कुमार झा, उप प्रधानाचार्य नितिन रस्तोगी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

मंगलवार को कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ. मौसम सिन्हा ने कहा कि छात्रों के समक्ष हिंदी विषय को रुचिकर बनाने के लिए हम सब एकत्र हुए हैं। इसमें नवीन शिक्षण विधियों के माध्यम से छात्रों के अंदर मानव मूल्यों का विकास किया जाना है। कार्यशाला में सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल, केसीएम स्कूल, वीकेएस पब्लिक स्कूल, सेंट मैरी सिविल लाइंस, आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल, एसएस चिल्ड्रन एकेडमी, एमपीएस स्कूल, बोनी एनी पब्लिक स्कूल, सेंट मीरा एकेडमी के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का संचालन डॉ. मंजू सिंह ने किया।



## एक नजर



एमआईटी में परीक्षा देने पहुंचे छात्रों के प्रवेश पत्र चेक करता सुरक्षाकर्मी।

### सीयूईटी की परीक्षा में शामिल हुए 138 अभ्यर्थी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सीयूईटी (यूजी) की ऑनलाइन परीक्षा एमआईटी में संपन्न हुई। ऑनलाइन सीयूईटी यूजी परीक्षा में 138 अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा तीन शिफ्टों में कराई गई। मंगलवार को सीयूईटी की जिले में ऑनलाइन परीक्षा हुई। इससे पहले भारी संख्या में छात्र-छात्राओं की ऑफ लाइन परीक्षा जिले के आठ केंद्रों पर कराई गई थी। इस बार जिले में ऑनलाइन परीक्षा मात्र 230 छात्रों को देनी थी। जिसमें 138 छात्र-छात्राएं परीक्षा में बैठे। 92 छात्र छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा सिटी कोऑर्डिनेटर हेमंत झा और ऑब्जर्वर ऋतुराज यादव के देखरेख में संपन्न हुई।

### घर में घुसकर चोरी करने वाला दबोचा गया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** घर में घुसकर चोरी करने का आरोपी विकास पुत्र राजकुमार को कटघर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विकास स्विमिंग पूल के सामने वाली गली कमला विहार का रहने वाला है। इसे दरोगा हरेंद्र सिंह ने दबोचा है। दरोगा ने बताया कि बल्देवपुरी निवासी सुनील कश्यप के घर में चोरी हुई थी। उनके घर से कीमती चीजें चोरी कर ली गई हैं। जिसके क्रम में विवेचनात्मक कार्रवाई के दौरान अभियुक्त विकास का नाम प्रकाश में आया था। वैसे यह सराय दुर्गा कालोनी थाना कोतवाली जिला सम्भल का मूल निवासी है।

### नेत्रहीन छात्र के जीवन पर बनी फिल्म से मिली सीख

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्रास सिटी स्टार्स व इंटरेक्ट क्लब शिशु वाटिका ने शिशु वाटिका इंटर कॉलेज व एसवी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं व शिक्षक को मूवी दिखाई गई। मिगलानी थियेटर में चल रही प्रेरणादायक व शिक्षा के क्षेत्र में नेत्रहीन छात्र के संघर्षपूर्ण जीवन की सत्य घटना पर आधारित फिल्म श्रीकांत का विशेष प्रदर्शन किया गया है। मंगलवार को फिल्म देख रहे छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधक अनुज अग्रवाल मिगलानी, मूवी टाइम्स के स्वामी शेखर मिगलानी व उनके सहयोगी मनोज कश्यप ने सभी का स्वागत किया। शो के दौरान सभी को सूक्ष्म जलपान कराया गया। सभी ने मूवी का आनंद लिया।



जिगर कॉलोनी स्थित मां पीतांबरा बगलामुखी ट्रस्ट के कार्यक्रम में रुद्राभिषेक करते श्रद्धालु।

## बगलामुखी देवी के जन्मोत्सव से पहले हुआ शिव का विवाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंगलवार को जिगर कॉलोनी स्थित पार्क में आदि भवानी पीतांबरा मां बगलामुखी देवी श्री परिवार महायज्ञ समिति के पदाधिकारियों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां बगलामुखी देवी जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आयोजन के दूसरे दिन मां बगलामुखी के पूजन बाद रुद्राभिषेक व शाम को शिव विवाह का आयोजन किया गया। हापुड़ के प्रसिद्ध गायक संजू पागल ने अपने भजनों पर लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गुप्ता, सचिव सह संयोजक प्रशांत रस्तोगी व संयोजक अमित सरीन, संजय रस्तौगी, पंडित जगदंबा प्रसाद शर्मा राहिल गुलाटी आदि मौजूद रहे।

### नगर निगम के अपर आयुक्त के वाहन का चालक था अतुलेश कुमार, आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही पुलिस

# संविदा कर्मी की हत्या का मुख्य अभियुक्त अनुज शर्मा गिरफ्तार

अतुलेश प्रकरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम में आउटसोर्सिंग कर्मी अतुलेश कुमार की हत्या के आरोप में मुख्य अभियुक्त अनुज शर्मा को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसे जेल भी भेज दिया गया है। इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही है।

मृतक अतुलेश अपर नगर आयुक्त के वाहन का चालक था। इसकी शनिवार रात में जिला अस्पताल में इलाज के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम में मौत का कारण जहरीला पदार्थ होने की पुष्टि हुई है। लेकिन, कर्मी की मौत के मामले में पुलिस को शांत देखकर सोमवार को जब परिजन और उनके रिश्तेदार-मुहल्ले वाले उग्र हुए। कांठ रोड पर आकर प्रदर्शन-नारेबाजी कर वाहनों का आवागमन अवरुद्ध कर दिया तो पुलिस बैकफुट पर आती दिखी। दोपहर बाद परिजनों की मांग पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अतुलेश की हत्या, एससी/एसटी एक्ट व अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली थी। इसमें वार्ड नंबर-7 की पार्षद पंकज शर्मा के बेटे अनुज शर्मा पुत्र कृष्ण मणि शर्मा को मुख्य अभियुक्त बनाया था। साथ ही एफआईआर में उसके दोस्त संजीव शर्मा, कनिष्ठ शर्मा को भी नामजद कर लिया है। पुलिस ने कई अज्ञात व्यक्तियों को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है। बताया जा रहा है कि जब शनिवार को रात के करीब नौ बजे नवीन नगर में मानसरोवर स्कूल के पास पार्षद के बेटे ने अतुलेश व उसके भाई रविंद्र से गाली-गलौज की और फिर आरोपियों ने उसके घर जाकर मारपीट किया। अतुलेश की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए थे तो उन लोगों ने थाना पुलिस से शिकायत की थी। लेकिन, उस समय पुलिस सक्रिय नहीं हुई। फिर शनिवार देर रात में जब अतुलेश की जिला अस्पताल में ही मौत हो गई, तब भी पुलिस निष्क्रिय रही। हां, पंचनामा कर उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए जरूर भिजवा दिया था। पोस्टमार्टम के बाद परिजन जब अतुलेश के शव को वापस लाए तो वह पुलिस पर आगबबूला हो गए थे। इन सभी ने दोपहर बाद कांठ रोड पर आकर जोरदार प्रदर्शन कर पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी की थी। लॉ-एंड-ऑर्डर बिगड़ते देख पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और फिर कुछ ही देर में बिना देरी किए पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध हत्या व अन्य आरोपों में एफआईआर दर्ज कर ली थी। सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि मुख्य अभियुक्त अनुज शर्मा को जेल भेज दिया है और अब अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### अतुलेश के हैं दो पत्नियां-तीन बच्चे

मृतक के भाई अनुज सिंह ने बताया कि वह तीन भाई थे। इसमें बड़े अतुलेश थे, दूसरे नंबर के रविंद्र हैं। पिता महावीर सिंह की पांच साल पहले मृत्यु हो गई थी। अतुलेश के दो पत्नियां रजनी व चांदनी हैं। इनमें रजनी से दो बच्चे अभिनव (18) व खुशी और चांदनी से बेटा कार्तिक (14) है। दूसरे नंबर के भाई रविंद्र भी विवाहित हैं, इनके तीन बेटियां ही हैं। अनुज ने बताया कि वह और उनके भाई रविंद्र प्राइवेट जॉब करते हैं। अतुलेश के परिवार की कच्ची गृहस्थी है।

### अनुज बोला-मारने नहीं, शिकायत करने गए थे घर

गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त अनुज शर्मा ने पुलिस के पूछने पर बताया कि नवीन नगर में मान सरोवर स्कूल के पास हुए विवाद की शिकायत करने अतुलेश के घर गया था। उसने कहा कि अतुलेश को मारने जैसी उसकी कोई योजना नहीं थी। अनुज ने पुलिस को बताया कि उसने किन परिस्थितियों में जहर खाया, यह भी उसे नहीं मालूम है।

- घटना के दूसरे दिन रविवार को मृतक के परिजन उग्र हुए तो जागी पुलिस

# 40 डिग्री के बीच गर्म हवाओं से झुलसे लोग

### लगातार चार दिन पारा 42 डिग्री सेल्सियस रहने के बाद मंगलवार को आई गिरावट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी के बीच लगातार चार दिन तक तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहने के बाद मंगलवार को 40 हो गया। लेकिन दोपहर में तपती धूप के बीच चली गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को झुलसा दिया। दोपहर में लोग खुद को धूप और गर्म हवा से बचाते नजर आए। आगामी दिनों में अभी तापमान और बढ़कर 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। जिसके चलते राज्य और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने गर्मी और लू का अलर्ट जारी कर लोगों से सावधानी बरतने को कहा है।

सोमवार की देर रात चली हवा से मंगलवार सुबह मौसम में थोड़ी नरमी रही। जिसके चलते पिछले चार दिनों से 42 डिग्री तापमान में गिरावट आई और पार 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लेकिन दोपहर होते ही सूरज ने तेवर अपने दिखाने शुरू किए। दोपहर में तेज धूप के बीच चली गर्म हवाओं ने लोगों का बुरा हाल कर दिया। गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को खूब सताया। गर्म व लू से बचने के लिए लोग घरों से बाहर नहीं निकले। गर्मी से बेहाल लोग चेहरे पर कपड़ा बांधकर खुद को बचाते नजर आए।

दूसरी ओर चिकित्सक भी लोगों से गर्मी से बचने की सलाह दे रहे हैं। फिजिशियन डॉ. सीपी ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच लोग बाहर का खाना खाने और पानी की मात्रा कम होने से डायरिया के शिकार हो रहे हैं।

उनका कहना है कि गर्मी में सावधानी बरतने की जरूरत है। वहीं जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में दोपहर में तेज धूप में घर से बाहर बहुत जरूरी होने पर ही निकलें।



दोपहर में कुछ इस तरह छाता लगाकर तेज धूप से बचने का प्रयास करते लोग।

### डीएम ने सभी स्कूलों में घोषित किया ग्रीष्मावकाश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भीषण गर्मी एवं लू के प्रकोप के चलते जनपद के यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई, माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद एवं बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित समस्त विद्यालयों में 21 मई से ग्रीष्मावकाश घोषित किया गया है। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने यह आदेश देते हुए कहा है कि शासन द्वारा निर्धारित कार्य यथावत रहेंगे।

### कोल्ड रूम में भर्ती होंगे हीट स्ट्रोक व लू से पीड़ित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पिछले एक सप्ताह से पड़ हरी भीषण गर्मी में लू लगने के मामले बढ़ने लगे है। लू लगने से बहुत तेज बुखार के साथ चक्कर, बेहोशी, अत्यधिक कमजोरी आने जैसे लक्षण सामने आ रहे हैं। ऐसे लक्षणों से पीड़ित मरीजों को भर्ती करने के लिए जिला अस्पताल में दो कोल्ड रूम बनाए गए हैं। जिला अस्पताल में हीट स्ट्रोक वार्ड के तौर पर कोल्ड रूम की व्यवस्था की गई है। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि कूलर की सुविधा युक्त कोल्ड रूम में छह बेड और एसी की सुविधा के साथ चार बेड का कोल्ड रूम बनाया है। हीट स्ट्रोक या लू की चपेट में आकर जिन मरीजों के शरीर का तापमान 103 डिग्री या इससे ऊपर होगा तो उन्हें कोल्ड रूम में भर्ती कराया जाएगा।

### तेजी में कार चलाने से रोका तो संचालक को पीटा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्ले स्कूल के सामने से ओवरस्पीड में कार लेकर निकलने वाले युवक को टोकना स्कूल संचालक को महंगा पड़ गया। कार चालक और उसके भाई ने मिलकर संचालक और उनके दोस्त पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। इसमें स्कूल संचालक विक्रांत चौधरी घायल हो गए। इनके दोस्त अजीत सिंह के भी गुम चोटें आई हैं। मझोला पुलिस ने बुद्धि विहार के मकान नंबर-265 निवासी अमन उर्फ अर्पित भारद्वाज और इसके बड़े भाई हिमांशु भारद्वाज पुत्रगण मदन गोपाल भारद्वाज को नामजद किया है।

स्कूल संचालक विक्रांत चौधरी ने पुलिस को बताया कि घटना रविवार शाम छह बजे के समय की है। उसी दौरान अमन उर्फ अर्पित भारद्वाज कार से तेज स्पीड में निकला तो उन्होंने आवाज लगाकर उसे टोका। विक्रांत ने बताया कि इतना कहने के बाद हिमांशु भी उनसे गाली-गलौज करने लगा और तभी अमन उर्फ अर्पित कार से आ गया। ये सभी लाठ-डंडों से उन दोनों (विक्रांत व अजीत) पर हमला बोल दिया। इसमें विक्रांत चौधरी चोटिल होकर वहीं जमीन पर गिर गए थे। विक्रांत ने बताया कि वह फतेहपुर बिश्नोई क्षेत्र के ग्राम ज्ञानपुर के रहने वाले हैं। ज्ञानपुर में उनका इंटर कॉलेज है।



श्रीराम बालाजी धाम बाबा नीब करौरी आश्रम ट्रस्ट में आयोजित हवन में आहुति देते श्रद्धालु।

## बाबा नीब करौरी आश्रम में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** श्रीराम बालाजी धाम बाबा नीब करौरी आश्रम (ट्रस्ट) के तत्वाधान में मंगलवार को 108 सुंदर कांड पाठ संपन्न हुआ। इस अवसर पर किए गए हवन व पूजन के बाद भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। सबसे पहले उपस्थित भक्तों ने बाबा नीब करौरी महाराज और हनुमान जी के सम्मुख संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया।

मंगलवार को नीब करौरी आश्रम ग्राम सब्जी पुर पाकबड़ा में उपस्थित सभी भक्तों ने समस्त देवी-देवताओं का आह्वान किया। वैदिक मंत्र उच्चारण और विधि-विधान के साथ हवन पूजन संपन्न हुआ। वहीं सुन्दर काण्ड पाठ के समापन के बाद विनय चालीसा का पाठ हुआ। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, राकेश कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, गौरव अग्रवाल, विनीत गुप्ता, डॉ संदीप राज, राजकुमार शर्मा, विवेक शर्मा, अश्वनी गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल, विनोद रॉय, देवेंद्र सिंह बिष्ट, शैलेंद्र प्रकाश गुप्ता, संदीप गगनेजा, विकास गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अश्विनी गुप्ता, पंडित पुष्पराज, पंडित पुष्कर जोशी, परीश सक्सेना, अशोक सिंह, धीरज सिंह आदि का योगदान रहा।

## योगासन में ग्रीन मीडोज व पीएमएस प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में आयोजित तृतीय जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया।

सचिव योगाचार्य महेंद्र सिंह विश्नोई और अध्यक्ष खीलेन्द्र सिंह ने बताया कि योग को योगासन स्पोर्ट्स के रूप में प्रोत्साहित करने के लिए जिला योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन ने तृतीय योगासन खेल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया था। जिसमें जिले के लगभग सभी विद्यालयों से 100 से 150 योगासन खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक योगासन, रिदमिक योगासन इवेंट कराए गए। बालक वर्ग में प्रथम स्थान ग्रीन मीडोज स्कूल, द्वितीय स्थान आरएसडी स्कूल व तृतीय स्थान सेंट मीरा एकेडमी, कैंपटन पब्लिक स्कूल का रहा।

बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पीएमएस स्कूल, द्वितीय स्थान ग्रीन मीडोज स्कूल व तृतीय स्थान आरआरके स्कूल, सेंट मैरी सिविल लाइन स्कूल रहे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। मुख्य अतिथि प्रिया अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि डॉ. अनुज अग्रवाल ने बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अजीत अग्रवाल, रजत प्रभाकर, धवल दीक्षित, अमित गर्ग, अनिल सिक्का, अमित गर्ग, देवेंद्र जौहरी, जयपाल सिंह, अमित तोमर, शुभम विश्नोई, सचिन नेनवाल, देवेंद्र राणा व विपिन जखमोला शामिल रहे।



स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित योगासन खेल प्रतियोगिता में सम्मानित खिलाड़ी।

## गेहूं खरीद में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सम्मानित किए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह द्वारा मंडल में साप्ताहिक रूप से सर्वाधिक खरीद करने वाले गेहूं क्रय केन्द्र प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया।

इनमें विपणन निरीक्षक, मुरादाबाद, विपिन श्रीवास्तव, शेख इफ्तेखार अली, कनिष्ठ सहायक, खाद्य विभाग, रामपुर, दानिश अली, पवन कुमार को सम्मान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, मनोज कुमार, मुरादाबाद सम्भाग, अपर जिलाधिकारी, प्रशासन गुलाब चन्द्र, जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह, मैनेजर, क्यूसी भारतीय खाद्य निगम चन्द्र भूषण सिंह, मैनेजर भारतीय खाद्य निगम, पंकज राना व राघवेन्द्र सिंह, सचिन कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार, कुलदीप कुमार, तरुण मलिक आदि उपस्थित रहे। प्रदेश में मंडल द्वारा मात्रात्मक रूप से दूसरे नम्बर पर सर्वाधिक खरीद की गई है। साथ ही लक्ष्य के प्रतिशत में मंडल मुरादाबाद का प्रथम स्थान है। मंडल के तीन जनपदों, क्रमशः रामपुर, मुरादाबाद व सम्भल द्वारा प्रदेश में 08 सर्वाधिक खरीद करने वाले जिलों में स्थान बनाया गया है। जनपद मुरादाबाद में अब तक 76000 मीट्रिक टन के लक्ष्य के सापेक्ष 4171 कृषकों से 33820.92 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद कर लक्ष्य को 44.50 प्रतिशत हासिल कर लिया है । यह प्रदेश के समस्त जनपदों में सर्वाधिक है। मण्डल को खरीद हेतु 405000 मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया है।

## एमएच वारियर्स की टीम बनी चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेडियम में चल रहे कलेक्ट्रेट प्रीमियर लीग सीजन-3 का मंगलवार को समापन हो गया। फाइनल मुकाबला अभिनंदन महिंद्रा और एमएच वारियर्स के बीच खेला गया। एमएच वारियर्स ने शानदार बल्लेबाजी और बॉलिंग कर सात विकेट से जीत दर्ज कराई।

कलेक्ट्रेट प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर एमएच वारियर्स ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अभिनंदन महिंद्रा ने कप्तान शोएब सिद्दीकी के 76 रन रन की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 146 रन बनाए। जवाब में एमएच वारियर्स की टीम ने कप्तान कार्तिक सिद्धू 60 रन और सलामी बल्लेबाज कौशल सुमन की 37 पारी के दम पर फाइनल मुकाबले को 15.1 ओवर में 148 रन बनाकर सात विकेट से मैच जीत लिया और चैंपियन बनी। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने विजेता टीम एमएच वारियर्स को ट्रॉफी व एक लाख रुपये और उप विजेता रही अभिनंदन महिंद्रा की टीम को 75 हजार रुपये नकद व ट्रॉफी से सम्मानित किया। टूर्नामेंट का बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड शोएब सिद्दीकी को और बेस्ट बॉलर का अवार्ड मोहित यादव को दिया गया। टूर्नामेंट में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले एमएच वारियर्स कप्तान कार्तिक सिद्धु को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर एडीआरएम अमित कुमार, सीनियर डीओएम चेतन तनेजा, अमित शर्मा, क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दिकी, टूर्नामेंट के आयोजक नावेद सिद्दीकी, अभिषेक सिंह, साजिद मौजूद रहे।




कलेक्ट्रेट प्रीमियर लीग की विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व अन्य।

सत्संग | शोभायात्रा के बाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में सत्संग का आयोजन

# प्रत्येक मनुष्य व जीव से प्रेम करो : बाबा फुलसंदे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दूसरों के दुख दर्द में जो व्यक्ति खुद भी दुखी हो जाता है। ऐसी आत्मा को प्रभु अपने नजदीक रखता है। प्रत्येक आत्मा से प्रेम करने वाले मनुष्य के प्रभु सारे दुख दर्द दूर कर देता है। यह आशीष वचन बाबा फुलसंदे ने गुलाब बाड़ी से निकलने वाली शोभायात्रा के बाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रेसवार्ता के दौरान कहे।

मंगलवार को गुलाबबाड़ी चुंगी से एक तू सच्चा एक तेरा नाम सच्चा बाबा फुलसंदे के सत्संग से पहले उनके अनुयायियों ने शोभायात्रा निकाली। जिसमें बाबा घोड़ा बग्गी पर बैठे और उनके पीछे-पीछे उनके भक्तों की भीड़ चल रही थी। शोभायात्रा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पहुंची। जहां उन्होंने पहले प्रेसवार्ता की। इसके बाद विद्यालय के हॉल में बैठे सैकड़ों भक्तों को धर्मसभा में प्रवचन के माध्यम से जीवन का सार बताया। जिसमें उन्होंने कहा कि कोई माने या न माने परमेश्वर का संदेश तुम सारे संसार को दो। सभी पुण्य कर्म करो पाप कर्म न करो। संसार में कोई नहीं रहता अंत में सबको मृत्यु का स्वाद चखना पड़ता है। वहीं लोग धन्य है जो संसार में नेकी का काम करते हैं। अंत में नाम दान मंत्र दीक्षा संस्कार हुआ जिसमें अधिक संख्या में भक्तों ने नाम दान लिया। इसके बाद प्रसाद वितरण कर भंडारे को आयोजन किया गया। इस सत्संग का आयोजन अर्जुन सिंह, निर्मल सिंह द्वारा किया गया।



प्रवचन करते बाबा फुलसंदे। ● अमृत विचार



सरस्वती विद्या मंदिर गुलाबबाड़ी में आयोजित सत्संग में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### साइबर ठगों ने रेलवे के लोको पायलट से ठगे पांच लाख रुपये

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे के लोको पायलट से साइबर ठगों ने 4.99 लाख रुपये ठग लिए हैं। इनके साथ ये घटना 14 मई को हुई है। प्रमोद कुमार सैनी मझोला थाना क्षेत्र के गांव फाजलपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने 9 मई को फ्लिपकार्ट के माध्यम से एक मोबाइल ऑनलाइन ऑर्डर किया था। मोबाइल की डिलीवरी नहीं हुई तो उन्होंने 14 मई को फ्लिपकार्ट के कस्टमर केयर नंबर से बात की। कॉल रिसीव करने वाले के कहने पर प्रमोद ने प्ले स्टोर से एक एप्लीकेशन डाउनलोड कर ली। उसके बाद उनके बैंक खाते से पैसा डेबिट होना शुरू हो गया, जो सात किस्तों में बैंक खाते से डेबिट हो गया। जिसे दो अलग-अलग खातों में डाला गया। इसमें से उनके खाते से 2,99,885 रुपये केनरा बैंक में खाता धारक शुभम कुमार के खाते में डेबिट हुए। शेष 2.00 लाख रुपये यश बैंक के खाता धारक राजकुमार नाम के व्यक्ति के खाते में डेबिट हुए हैं। साइबर ठगी से परेशान प्रमोद ने बताया कि उनके साथ हुई इस घटना के तुरंत बाद उन्होंने साइबर सेल नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि इस मामले को एसपी हेमराज मीना ने गंभीरता से लिया है और उन्होंने मझोला थानाध्यक्ष को तुरंत मामला दर्ज करने के निर्देश भी दिए हैं।

Telephone : (0581)-2510628
Fax : (0581)- 2511283

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office
भविष्य निधि भवन, 111, सिविल लाइन्स, बरेली-243001
Bhavishya Nidhi Bhawan, 111, Civil Lines, Bareilly-243001
Website: www.epfindia.gov.in | E-mail: ro.bareilly@epfindia.gov.in

No. 120062EPFO/RO/BLY/ADM — प्रेस विज्ञप्ति — Date: 21/05/24

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों, पेंशन धारकों एवं नियोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु क्षेत्रीय कार्यालय बरेली द्वारा इस माह विभिन्न जिलों में दिनांक 27.05.2024 को आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम निधि आपके निकट 2.0 के आयोजन स्थलों की जानकारी निम्नवत् है:-

| जनपद | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|
| बरेली | रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज कैम्पस, बरेली 243122 |
| मुरादाबाद | आर्यन्स इंटरनेशनल स्कूल, बुद्धि बिहार, फेस-1, सेक्टर-02, खुशालपुर रोड, मुरादाबाद 244001 |
| रामपुर | चड्डा पेपर प्राइवेट लिमिटेड, नैनीताल रोड, तहसील-बिलासपुर, रामपुर- 244921 |
| शाहजहांपुर | शिव शंकर इंटरप्राइजेज, मोहल्ला दिलाजक, निकट राम बाबू की डेरी, शाहजहांपुर 242001 |
| बदायूं | बाबा इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर बुजुर्ग, निकट गवर्नमेंट हॉस्पिटल |
| जे.पी.नगर | जगदीश शरण हिन्दू डिग्री कॉलेज, अमरोहा, जे.पी. नगर- 244221 |
| संभल (भीमनगर) | बेसिक शिक्षा अधिकारी, संभल, भीम नगर- 202410 |
| पीलीभीत | जे.सी. रिवरडेल सेकेण्डरी स्कूल, पूरनपुर, पीलीभीत- 262121 |

अनिल कुमार
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त/प्रभारी अधिकारी

## एक नजर

### शांति भंग की आशंका में नौ गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ पुलिस ने शांति भंग की आशंका में नौ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना कांठ पुलिस ने ओमवीर निवासी ग्राम मुख्तयारपुर नवादा थाना कांठ, शरद विश्नोई निवासी ग्राम मुख्तयारपुर नवादा थाना कांठ, इमरान निवासी ग्राम पीपला जागीर थाना नूरपुर जिला बिजनौर, मौ. फिरोज निवासी ग्राम शाहुपुर थाना कांठ, मन्दीप निवासी ग्राम शहदौली थाना कांठ, संदीप निवासी ग्राम शहदौली थाना कांठ, कय्यूम, अनवार, राशिद निवासी ग्राम गोपालपुर को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

### रक्तदान शिविर लगाया

**कांठ, अमृत विचार :** मंगलवार को विश्व रेड क्रॉस दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छह लोगों ने रक्तदान किया। सीएचसी कांठ में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में डॉ. मनोज कुमार, डॉ. जुल्फिकार अहमद, भगवान सिंह, नरेंद्र सिंह, चिरंजन सिंह, ओमवीर सिंह, ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया।

# क्षेत्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भाजपाई हुए मुखर

## एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जताया रोष, गश्त बढ़ाने की मांग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम अजय कुमार मिश्रा से वार्ता करते भाजपाई।

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी नगर की कानून व्यवस्था को लेकर चिंतित होने लगे हैं। भाजपाइयों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर नगरिकों की सुरक्षा के लिए पुलिस सतर्कता बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में चार सूत्रीय मांगपत्र सौंपा।

मंगलवार को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बाइक चोरी व धार्मिक स्थलों पर चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। पुलिस चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ बदमाशों की गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। साथ ही नगर में छेड़खानी की घटनाएं बढ़ती जा रही है।नगर में पुलिस का नशा, सटटा और प्रतिबंधित पशुओं के कटान पर नियंत्रण नहीं है। ज्ञापन में नगर में सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कराने के साथ आवश्यक्तानुसार संख्या बढ़ाने, नगर की कस्बा चौकी फरीदनगर को सुचारू करने, अस्थायी पुलिस सहायता केंद्र नगलिया में स्थापित करने व डंपरों और उत्तराखंड की फैक्ट्रियों की चिमनियों से निकलने वाली राख के उड़ने से होने वाले नुकसान को रोकने की मांग की गई। बताया गया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भी इस राख पर पाबंदी लगाई गई है उसके बावजूद भी ठाकुरद्वारा क्षेत्र में यह धंधा खुलेआम चल रहा है। ज्ञापन देने वालों में नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, जिला पंचायत सदस्य व जिला महामंत्री दिनेश कुमार प्रजापति, पूर्व सभासद हेमेंद्र प्रताप सिंह, नागेंद्र लांबा, पवन पुष्पद, पंकज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, अरुण प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कलेक्ट्रेट पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के किसान सिविल लाइन स्थित आम्बेडकर पार्क पर एकत्र हुए। जहां से जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।जिसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैट के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नौ सिंह ढिलो व जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में सिविल लाइन स्थित अंबेडकर पार्क पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकाला। जुलूस में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी ने जिलाधिकारी कार्यालय पर किसानों की समस्याओं के संबंध में किसानों को संबोधित कर अपनी मांगों के बारे जानकारी दी। जिसमें गांव में पानी की टंकी व रास्ते खराब हो चुके हैं। टंकी व पाइपलाइन में उपयोग की गई सामग्री की जांच करने की मांग की। वहीं राजा शुगर मिल द्वारा गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं होने पर चीनी मिल के खिलाफ कार्रवाई कर भुगतान दिलाने की मांग रखी। राजस्व विभाग द्वारा खतौनी में अंश निदान किए जाने में लेखपाल द्वारा मांगी जा रही रिश्वत को बंद करने और ऐसे लेखपालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग पर जोर दिया। वहीं भीषण गर्मी होने के बावजूद समस्त फीडरों पर ट्रिपिंग हो रही है। फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। बिजली सप्लाई में सुधार करने की बात रखी। जिला अधिकारी कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ऋषि पाल सिंह, जिला युवा प्रभारी दीपक चौधरी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश युवा अध्यक्ष सोम राठी आदि रहे।

# सड़क हादसे में पिता की मौत, मासूम बच्चा घायल

संवाददाता, डिलारी

- बस स्टैंड के पास बाइक सवारों ने मारी टक्कर, मचा कोहराम

**अमृत विचार :** बाइक सवारों की टक्कर से घायल पिता की मृत्यु हो गई। जबकि पांच वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया।

कस्बा निवासी शंकर अपने 5 वर्षीय पुत्र लकी को गोद में लेकर घर जा रहा था। तभी बस स्टैंड के पास सामने से आ रही है नियंत्रित बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। भीषण टक्कर से पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया। परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए घायलों को निजी चिकित्सालय में भर्ती कर दिया। जहां उपचार के दौरान मंगलवार को 38 वर्षीय शंकर की मृत्यु हो गई। जबकि बच्चा लकी गंभीर रूप से घायल है। जिसका उपचार मुरादाबाद स्थित चिकित्सालय में किया जा रहा है। मामले में पुलिस ने दो बाइक सवारों को बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी मनसा देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक के तीन बच्चे हैं। बड़ी लड़की संध्या, दूसरी वैष्णवी और 5 वर्षीय घायल लकी है। मृतक शंकर मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उधर, देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचने पर मृतक का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

## ग्रीष्मकालीन शिविर में व्यंजन बनाना सिखाया

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में घर में व्यंजन बनाने के नए-नए टिप्स सिखाए गए।

विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर में छात्रों को खीरा व प्याज छीलना, टमाटर की कटिंग,नींबू हरी मिर्च चुकंदर ऐसे कई प्रकार के सलाद बनाने की विधि प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा की देखरेख में बालिका शिक्षा प्रमुख मीनू यादव ने सिखाया। जिसमें जूनियर समूह में कुमारी रेनू यादव, दीक्षा यादव, दृष्टिपाल ,रिंकी ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्राओं ने सलाद सीखने में भाग लिया। इस दौरान भावना यादव ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर रिशिपाल यादव, राकेश कुमार प्रजापति, ओंकार सिंह, दीपक कुमार बिश्नोई, पुष्पेंद्र यादव, नेतराम सिंह, गजेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह ने सहयोग किया।

# कम वसूली पर अधिकारियों ने अमीनों पर जताई नाराजगी

संवाददाता, कांठ

- लक्ष्य के अनुरूप बकाया वसूली करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** एसडीएम व तहसीलदार ने तहसील क्षेत्र के अमीनों की बैठक ली। जिसमें सभी अमीनों को लक्ष्य के अनुरूप बकाया वसूली करने के निर्देश दिए।

बैठक में एसडीम कांठ विनय कुमार सिंह ने कहा कि कांठ तहसील की वसूली बहुत कम है। इसमें अमीनों द्वारा लापरवाही बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी बड़े बकाएदारों को चिन्हित कर उनसे बकाया वसूली की जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने कहा कि जिला मुख्यालय द्वारा जो वसूली का लक्ष्य तहसील कांठ को दिया गया है, उसके अनुरूप अमीनों द्वारा बकाया वसूली नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग बैंक से संबंधित जो बड़े बकायेदार हैं या ग्राम समाज से संबंधित जिन लोगों की आरसी जारी हो चुकी है ऐसे सभी बकायदार खुलेआम घूम रहे हैं परंतु वसूली अमीनों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी अमीन अपने-अपने क्षेत्र के बकायदारों को चिन्हित करें और उनके घरों पर जाकर उनसे संपर्क करके राजस्व वसूली कर तहसील मुख्यालय पर रिपोर्ट प्रेषित करें। इस अवसर पर अमीन हरवीर सिंह, मुन्ना सिंह, भैया राम, उमेश कुमार, हरगोविंद सहित अन्य अमीन उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने गोशाला का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**कांठ, अमृत विचार :** एसडीएम ने वृहद गो संरक्षण केंद्र का निरीक्षण कर केयरटेकर व संबंधित कर्मचारियों को गोवंश पशुओं की देखभाल करने के निर्देश दिए।

एसडीएम कांठ विनय कुमार सिंह ने गोशाला में घूम कर गोवंश पशुओं के रहन-सहन की व्यवस्था और पीने के लिए ठंडा पानी को भी देखा। साथ ही हरा चारा, खल, चोकर की संपूर्ण व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम चल रहा है, गोवंश पशुओं को गर्मी से कैसे बचाया जाए। उन्होंने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं केयर टेकरों को बुलाकर गोशाला में जूट के बोरे गर्मी से बचाव के लिए गोशाला में लगवाए थे उन पर ठंडे पानी का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। जिससे गोवंश पशुओं को गर्मी से राहत मिल सके। एसडीएम ने कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान योगेश्वर चौहान, केयरटेकर व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छात्रों की साइकिल चुराने वाले को पकड़ा

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर की स्टेशन रोड स्थित साहू कुंज कॉलोनी में ट्यूशन पढ़ रहे छात्र की चोर ने साइकिल उड़ा ली। सीसीटीवी कमरे में पहचान होने पर चोर को पकड़ लिया।

मंगलवार को सुबह 7:00 के लगभग कुछ छात्र कोतवाली पहुंचे। वहां छात्र सौरभ पुत्र यादराम सिंह ग्राम रायपुर ने बताया कि वह नगर के स्टेशनर रोड स्थित साहू कुंज कॉलोनी में सुबह ट्यूशन पढ़ने जाते हैं। बताते चलें कि 16 मई को छात्र की साइकिल एक चोर ने चुरा ली। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने पर चोंर की पहचान हो गई। तलाशने पर उसका नाम आलम मालूम पड़ा। बाद में छात्रों ने आरोपी युवक से जब इस संबंध में पूछताछ की तो उसने बताया कि साइकिल बेच दी है। बाद में आरोपी ने साइकिल की कीमत देकर माफी मांगी व भविष्य में चोरी न करने की कसम खाई।


शिविर में योगाभ्यास करते छात्र। ● अमृत विचार

# अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोगी बनाना सीखें

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** नगर स्थित किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप का आरंभ आईटीएम ग्रुप के निदेशक अफरोज पाशा एडवोकेट ने किया।

उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह समर कैंप में छात्र-छात्राओं की बहुमुखी प्रतिभाओं को प्रदर्शन करने के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। इसमें छात्रों को अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोगी बनाना सिखाया जाता है। इस दौरान छात्र सामान्य ज्ञान क्विज, शतरंज, बॉक्सिंग खोखो सहित अन्य खेलों की जानकारी दी गई। इस दौरान कालेज के प्रधानाचार्य अमर सिंह, उप प्रधानाचार्य सरफराज अली, मुशाहिद हुसैन, कमर अली रिजवी, नरगिस, इरफान, रियासतुल्लाह, मोहम्मद नदीम, सरीन व सोनम आदि मौजूद रहे।

## ट्यूबवेलों पर चोरी की बढ़ती घटनाओं से रोष

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना छजलैट क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन कोई ना कोई चोरी की सूचना मिलती ही रही है जिससे किसान काफी परेशान हैं। लेकिन आज तक किसी भी चोरी का खुलासा नहीं हुआ।

थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम शेरपुर निवासी सूरज सिंह पुत्र कूढे सिंह के खेत पर बने ट्यूबवेल से रात्रि में किसी समय चोर मोटर व केबल लेकर चले गए। इस मामले में पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। वहीं अकबरपुर सिहाली निवासी बब्बर मान सिंह पुत्र चरण सिंह ने बताया कि 20 मई की रात्रि में किसी समय चोर ट्यूबवेल में कूमल लगाकर मोटर स्टार्टर और अन्य सामान उठाकर ले गए। जब प्रातः जाकर खेत पर देखा तो सभी सामान गायब था। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि आए दिन चोर द्वारा किसानों के ट्यूबवेल वालों को निशाना बनाया जा रहा है। चोरी होने पर खेतों को पानी समय से नहीं लग पा रहा है।

# फर्जीवाड़ा कर 1.24 लाख रुपये का मोबाइल लिया

संवाददाता, कुंदरकी

- युवक ने दुकानदार व आरोपी युवक के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोबाइल शॉप के मालिक से मिलकर एक अन्य युवक के आधार से अंगूठा लगवा कर 1 लाख 24 हजार का मोबाइल लोन पर निकलवाने का मामल प्रकाश में आया है। पीड़ित ने कुंदरकी थाने में आरोपी युवक और दुकानदार के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के ग्राम हाथीपुर चित्तू निवासी इस्तेकार पुत्र खुर्शीद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह गूलर स्थित एक मोबाइल शॉप पर कुछ समय पूर्व मोबाइल लेने के लिए गया था। जहां पर जहां पर उसी के गांव का एक युवक मौजूद था। उसने वहां से उसने करीब 18 हजार रुपये की कीमत का मोबाइल अपने आईडी प्रूफ देकर लोन पर लिया था। जिसकी वह किस्त जमा कर रहा था।

बताया कि उसने एक लाख 24 हजार रुपये का जो फोन लोन पर लिया था उसकी वह किस्त जमा नहीं कर रहा है। यह देख उसके पैर तले से जमीन खिसक गई। उसने तहरीर में बताया कि आरोपी दुकानदार ने बताया कि पीड़ित के गांव के ही एक युवक के कहने पर उसने बिना बताए उसकी आईडी पर एक लाख 24 हजार का दूसरा मोबाइल भी लोन पर निकाल लिया था। जिसे आरोपी युवक ले गया। पीड़ित ने आरोपी दुकानदार व युवक पर कार्रवाई की मांग की है।


नई सड़क पर नालों की सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# गहरे नालों की तली झाड़ सफाई का कार्य शुरू हुआ

संवाददाता, बिलारी

- बरसात से पहले नालों की कराई जा रही साफ-सफाई

**अमृत विचार :** नगर में बरसात आने से पूर्व गहरी गंदे नालों की सफाई का कार्य तेजी से शुरू हुआ।

मंगलवार को नई सड़क पर गहरी नालों की सफाई का कार्य जारी रहा। नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों के द्वारा गहरी नालों की तली झाड़ सफाई की गई। पालिका परिषद के ईओ का कहना है कि बरसात आने से पूर्व ही समस्त नालों की तली झाड़ सफाई कर दी जाएगी। जिससे नगर में साफ सफाई स्वच्छता का माहौल बना रहे। इस दौरान सफाई नायक बबन ने बताया कि नालों की सफाई का कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

**परेशानी** प्रतिदिन व्यस्त बाजारों में ई-रिक्शा से लग रहा जाम, पुलिस प्रशासन समाधान करने में विफल

# नगर में जाम का कारण बन रहीं ई-रिक्शा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


ठाकुरद्वारा के कबीर तिराहे पर ई-रिक्शा से लगा जाम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर में ई-रिक्शा की संख्या में बढ़ोतरी होने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। रोजाना व्यस्त बाजारों में ई-रिक्शा के कारण जाम लगना आम बात हो गई है। जाम में फंसकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसमे पूरा नगर जाम की जद में है। इसका मुख्य कारण ई-रिक्शा का बेतरतीब संचालन माना जा रहा है।

नगर में काफी संख्या में ई-रिक्शा का संचालन होने से कदीर तिराहा, बड़ा बाजार, बाजार, गंज मेन मार्केट सहित अन्य बाजारों में रोजाना जाम लगना आम बात हो गई। जाम में फंसकर नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। काफी देर बाद जाम खुलने पर ही लोगों को राहत मिलती है। इससे परेशानी के साथ-साथ समय भी बर्बाद होता है। चालक अपने ई-रिक्शा को बेतरतीब ढंग से चलाते हैं, जो जाम का कारण बनता है। वही ई-रिक्शा चालक अपनी मनमानी करते हुए बाजार में भीड़भाड़ वाले बाजारों में ही रिक्शा लेकर जाते हैं।

नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित करने की मांग की है। वहीं पुलिस के आलाधिकारियों का कहना है कि शीघ्र समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## सार संक्षेप


मुरादाबाद में कोमो सोलर प्लांट का भ्रमण करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं को कराया कोमो सोलर प्लांट का भ्रमण

**छजलैट, अमृत विचार :** राजेंद्रा एकेडमी भीकनपुर के कक्षा 12 कॉमर्स वर्ग के छात्र-छात्राओं को एजुकेशनल टूर के तहत विद्यालय की ओर से मुरादाबाद स्थित कोमो सोलर प्लांट का भ्रमण कराया गया। मंगलवार को राजेंद्रा एकेडमी भीकनपुर के कक्षा 12 कॉमर्स वर्ग के छात्र-छात्राओं को एजुकेशनल टूर के तहत विद्यालय की ओर से मुरादाबाद स्थित कोमो सोलर प्लांट का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक अनंत सक्सेना और दीपक रस्तोगी के संरक्षण में 20 छात्र छात्राओं ने कोमो सोलर प्लांट में सोलर पैनल बनने की तकनीक को नजदीक से जाना। साथ ही वहां पर कंपनी हेड कौशल सिंह ने बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जबाव दिए। विद्यालय की प्रधानाचार्य सरिता रानी ने कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार की जानकारी देना हमारा उद्देश्य है ताकि विद्यार्थी नई टेक्नोलॉजी के बारे में भली भांति जानकारी ले सकें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राऐं एवं स्टाफ मौजूद रहा।


कार्यक्रम में शिक्षिकाओं को सम्मानित करतीं अतिथि। ● अमृत विचार

### डायट कांठ में हुई मंडल स्तरीय गोष्ठी

**कांठ, अमृत विचार :** मंगलवार को डायट परिसर कांठ में मंडल स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल के समस्त जनपदों के नवाचारी शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। डायट प्राचार्य ओमप्रकाश गुप्ता मुख्य अतिथि व डायट प्रवक्ता विशिष्ट अतिथि रहे। नवाचारी शिक्षकों द्वारा पीपीटी के माध्यम से अपने उत्कृष्ट कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उत्कृष्ट शिक्षकों को डायट प्राचार्य मुरादाबाद द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में योगिता, भुवनेश कुमारी, दीप सिंह, रेनू यादव, पूजा गुप्ता, इंदु भारती, विजेंद्र बिश्नोई, अक्षय कुमार, वीरेंद्र, सीमा देवी, संदीप शर्मा, मनीशा त्यागी, उदयवीर, प्रभास उज्जवल, रश्मि शर्मा, रंजीता चौहान, सय्यद अफाक, सरलेश, डॉ नमिता मधुकर आदि सम्मलित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. ओम प्रकाश गुप्त ने शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा की। संचालन योगिता द्वारा किया गया।


पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर मेकिंग का आयोजन

**कांठ, अमृत विचार :** मंगलवार को नगर स्थित ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के बीच पर्यावरण सुरक्षा पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को हुई प्रतियोगिता में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर पोस्टर बनाएं गए। बच्चों ने अपनी पेंटिंग के माध्यम से जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, समेत अन्य विषयों पर बहुत ही सुंदर-सुंदर पोस्टर बनाएं। विद्यालय की अध्यापिकाओं ने बच्चों को बताया कि पोस्टर कई विषयों के बारे में जागरूक करते हैं। पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पेड़ पौधे लगाएं और उनका संरक्षण करें। दूसरी ओर विद्यालय में कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के छात्र-छात्राओं ने डांस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। छोटे-छोटे बच्चों ने अपने मनपसंद गानों पर जमकर डांस किया। विद्यालय प्रबंध समिति ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


कांठ में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई

**मुरादाबाद/कांठ अमृत विचार :** जिला कांग्रेस की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी 33वीं पुण्यतिथि पर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उन्हें कंप्यूटर क्रान्ति का जनक व आधुनिक राष्ट्र निर्माता बताया। मंगलवार को महानगर गुरहट्टी कार्यालय पर कांग्रेसियों ने राजीव गांधी चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि उनके द्वारा ही देश मे कम्प्यूटर क्रांति की शुरुआत की गई थी। इस मौके पर उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक, पीसीसी अनूप दुबे, अमीरुलहसन जाफरी, अल्पसंख्यक चेयरमैन अफजल साबरी, भयंकर सिंह बौद्ध, राजेन्द्र वाल्मीकि, बाबर सैफी, गौरव त्रिवेदी, मोहम्मद जुनैद पार्षद, फिरोज खान, मोहम्मद नाजिम, मंगलसेन, राजा, अरविंद चौहान, असलम रहमत व सुरेश सक्सेना शामिल रहे। वहीं कांठ में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर अध्यक्ष नदीम अंसारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष सीपी सिंह की अध्यक्षता में गुड़ मंडी स्थित कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान पर मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मास्टर परम सिंह, रामस्वरूप सिंह जाटव, रहीमुद्दीन सैफी, जाफर अली अंसारी, अफजाल अहमद, सलीम अहमद, सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, शमीम अहमद अंसारी, विजय भटनागर, दिनेश दीवान आदि उपस्थित रहे।

### लखपति दीदी की भूमिका पर की चर्चा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मंगलवार को विकास खण्ड ठाकुरद्वारा के ब्लाक सभागार में यूपी एसआरएलएम के प्रतिक्षण के समापन दिवस पर लखपति दीदी की भूमिका पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण उपरान्त क्षेत्र में किए गए व्यवसाय की जानकारी व आजीविका में कृषि व्यवसाय कृषि से संबधित रोजगार सेवा आधारित कौशल से सबंधित व्यवसाय की जानकारी डीआरपी हरीश तिवारी द्वारा दी गई। एसआरपी राम सागर द्वारा दीदियों के काम पर आधारित मानदेय पर विस्तार से चर्चा की गई। अजीविका बढ़ाने हेतु कृषि में अनाज, पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, बागवानी फलो की खेती, रेशम के उपलब्धता के लिए शहतूत की खेती मसाले की खेती आदि के व्यवसाय के बारे में बताया। साथ ही रोजगार, कौशल व्यवसाय की जानकारी दी गई। इस दौरान वीएमएम ज्ञानेंद्र शुक्ला, उमेश यादव , हरीश और समूह सखियां मधु चौहान, प्रियंका चौहान, सोनी, शालिनी, मेखा आदि मौजूद थी ।

## एक नजर

### बार बालाओं का डांस कराने वालों पर रिपोर्ट

**डिडौली . अमृत विचार :** बार बालाओं का डांस करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दरअसल एक दिन पहले ही बार बालाओं के डांस के दौरान नोट उड़ाने का वीडियो वारयल हुआ था। सोमवार को सोशल मीडिया पर बार बालाओं के डांस का वीडियो वायरल होते ही हड़कंप मच गया था। वीडियो में बार बालाओं पर कुछ युवक नोट उड़ाते दिख रहे थे। वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने इसकी जांच पड़ताल की। वायरल वीडियो क्षेत्र के गांव मुबारकपुर नूरी का निकला। इसके बाद पुलिस की जांच में सामने आया कि गांव निवासी हाशम ने अपने बेटे की शादी में पड़ोसी परवेज की शादी में मिलकर बिना अनुमति डांस पार्टी का आयोजन किया था। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी हाशम, खिलाफत व परवेज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### वांछित आरोपी पकड़ा गया

**रहरा, अमृत विचार :** पुलिस ने वांछित आरोपी सोनू पाल पुत्र विक्रम सिंह निवासी ग्राम सब्दलपुर सुमाली को गिरफ्तार कर लिया।

### मजदूर के घर में लगी आग, सामान जला

**सैदनगली, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बिजनौरा में एक व्यक्ति के घर में आग लग गई। उसके घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बिजनौरा गांव में मजदूर सतीश का परिवार रहता है। उसने बताया कि रात्रि में जब वह अपने परिवार के साथ अपने मकान में सो रहा था। इसी बीच उसके मकान में आग लग गई। इससे अनाज, कपड़े, लकड़ी, छप्पर जल गया। उसने इस बात की जानकारी थाने में दी है।

### अमरोहा का नाम बदलने की उठाई मांग, ज्ञापन

**अमरोहा, अमृत विचार :** ऑल इंडिया सैनी सभा के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अमरोहा का नाम ज्योतिबा फुले नगर रखने की मांग की है। मंगलवार को सभा के जिला अध्यक्ष राजपाल सैनी अपने समर्थकों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन दिया। इसमें कहा कि अमरोहा का नाम बदलकर ज्योतिबा फुले नगर रखा जाए। इस मौके पर फूल सिंह, गोकल सिंह, कृपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## किताबें, कर्मचारी, फर्नीचर न होने से नहीं हो रहा संचालन

# 421 पंचायतों की लाइब्रेरियों में सुविधाओं का अभाव, छात्रों को नहीं मिल रहा लाभ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले के छह ब्लॉक क्षेत्रों में बनाई गई 421 लाइब्रेरियों में अव्यवस्था होने से वे संचालित नहीं हो पा रही है, जबकि शासन के निर्देश पर 155 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी खोलने की तैयारी शुरू कर दी गई है। अव्यवस्था के कारण ही लाइब्रेरी में छात्र छात्राएं नहीं जा पा रहे हैं।

जिला पंचायत अधिकारी पारूल सिसोदिया ने मंगलवार को बताया कि शासन के निर्देश पर जिले के 421 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी को खोल दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन लाइब्रेरी में कहीं पर कर्मचारी नहीं तो कहीं फर्नीचर नहीं हैं। कुछ ग्राम पंचायतें इतनी छोटी बनाई हुई हैं कि वहां लाइब्रेरी के लिए जगह ही नहीं



बंद पड़ा ग्राम पंचायत सचिवालय।

हैं। इस तरह की तमाम अव्यवस्थाओं के कारण ग्राम पंचायतों में खोली गई लाइब्रेरी सही से संचालित नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश शासन के निर्देश पर 155 ग्राम पंचायतों में और लाइब्रेरी खोलने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में खोली गई लाइब्रेरी को सुधारने के लिए ब्लॉक के पास बजट तक नहीं हैं। ऐसे में ग्राम पंचायतों में खोली जाने

**तैयारी**

- **155 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरियां और खोलने की तैयारी, परीक्षाओं की तैयारी में होगी सुविधा**

वाली लाइब्रेरी से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले छात्र छात्राओं का कैसे भला सकेगा। उधर, मुख्य विकास अधिकारी अश्श्वनी कुमार मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद आचार संहिता के हटने के साथ लाइब्रेरी में किताबों की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी में अवस्थाओं को जल्द दूर कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी की कमी के कारण ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने से वंचित नहीं रहना पढ़ेगा। प्रतियोगिता और परीक्षाओं की तैयारी करने में काफी लाभ मिलेगा।

## बिजली आपूर्ति में सुधार न होने पर होगा आंदोलन

**हसनपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोकदल रूहेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महासचिव मुजाहिद चौधरी एडवोकेट ने नगर में बिजली व्यवस्था की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर संवेदनहीन होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नगर में पूरा दिन बिजली नहीं आती। इससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गो को घरों में भीषण गर्मी व पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है।

मोहल्ला कायस्थान, कोट पश्चिमी, महल, बरवंडान में बिजली का समस्या है। इसकी शिकायत 1912 पर भी की गई। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को पूरा दिन इन मोहल्लों में बिजली नहीं आई। मुजाहिद चौधरी ने कहा कि अगर बिजली व्यवस्था और कम वोल्टेज की समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# बेटी के घर गए मजदूर का शव पेड़ पर लटका मिला

संवाददाता, डिडौली

**अमृत विचार :** बेटी की सुसराल जाने को घर से निकले मजदूर का शव दो दिन बाद तालाब किनारे पेड़ के सहारे फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव पेड़ से नीचे उतारकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



यह मामला गांव इकौंदा का है। यहां मजदूर 52 वर्षीय इस्लाम का परिवार रहता है। उनका इकलौता पुत्र सउदी अरब में रहता है। परिवार में पत्नी अकीला व दो बेटियां हैं। दोनों बेटियां की शादी हो चुकी है। बताया गया कि सोमवार सुबह इस्लाम अपनी बड़ी बेटी की ससुराल गांव तेलीपुरा के लिए घर से कहकर निकले थे। लेकिन वह बेटी के घर नहीं पहुंचे और न ही कहीं मिले। इसके बाद परिजनों को उनकी चिंता हुई तो उन्होंने उन्हें ढूंढने का प्रयास किया। इस बीचा किसी ने बताया कि सोमवार शाम उनको जोया में घूमता देखा गया था। लेकिन इसी बीच मंगलवार सुबह गांव के ही निवासी जुल्फिकार अपने खेत पर सिंचाई करने पहुंचे तो उन्होंने खेत के पास ही तालाब किनारे शीशम पेड़ के सहारे फंदे पर इस्लाम का शव लटका देखा। सूचना के बाद मृतक की पत्नी व परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। मृतक के पैर जमीन से टिके हुए थे। सूचना के दो घंटे बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मजदूर सोमवार सुबह से लापता था। उसका शव पेड़ से लटका मिला है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है।

## नगर क्षेत्र में जुलाई में लगेंगे 1500 पौधे

**हसनपुर, अमृत विचार:** पर्यावरण को बचाने के उद्देश्य से जुलाई के प्रथम सप्ताह में वन महोत्सव मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद की ओर से 1500 पौधे लगाए जाएंगे। पालिका प्रशासन ने पौधरोपण करने के लिए स्थान का चयन करना शुरू कर दिया है। सरकार की ओर से प्रदेश में हरियाली लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष वन महोत्सव के अंतर्गत करोड़ पौधे लगाए जाते हैं। विभागों को पौधे लगाने का लक्ष्य दिया जाता है। इसकी निगरानी के लिए शासन की ओर से नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं। इस बार एक जुलाई से सात तक पूरे प्रदेश में वन महोत्सव मनाया जाएगा। हसनपुर नगर पालिका को 1500 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने बताया कि लक्ष्य के आधार पर पौधरोपण किया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# पिकअप पलटने से युवक की मौत

## नौगांवा सादात क्षेत्र में धनौरा मार्ग पर हुआ हादसा, कई घायलों को भर्ती कराया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नौगांवा सादात थाना क्षेत्र में धनौरा मार्ग पर पिकअप वाहन पलटने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान सुरेंद्र ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

गांव हादीपुर कला निवासी सुरेंद्र सिंह (35) सोमवार को अपने घर से धनौरा जाने के लिए निकला था। बताया गया कि जब वह शाम को धनौरा से पिकअप में बैठकर अपने गांव लौट रहा था तब रास्ते में पिकअप के चालक का संतुलन बिगड़ गया। इससे पिकअप सड़क किनारे गड्ढे में जाकर पलट गई। इस हादसे में सुरेंद्र सहित कई लोग घायल हो गए थे। सभी घायलों को निजी अस्पताल में ले जाया गया। परिजनों ने बताया कि निजी अस्पताल के डाक्टरों ने सुरेन्द की हालत चिंता जनक होने पर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था। मंगलवार सुबह परिजन सुरेन्द्र को उपचार के लिए मुरादाबाद ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

मृतक के पिता विक्रम सिंह ने बताया कि सुरेंद्र चार भाइयों में मझला था। वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। पत्नी रीता और 3 वर्ष का बेटा आलोक हैं। बताया कि वह पीडब्लूडी विभाग में कार्यरत थे। छह माह पहले ही रिटायार्ड होने के बाद घर पर ही खेतीबाड़ी करते हैं।

### बदायूं से दवा लेने अमरोहा आए मजदूर को अज्ञात वाहन ने कुचला, जान गई

**डिडौली (अमरोहा), अमृत विचार :** बदायूं से अमरोहा दवा लेने आए युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। रोडवेज की बस से उतरते ही सोत नदी पुल के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह हादसा मंगलवार सुबह जोया में हुआ। दरअसल, रोडवेज की बस से उतरकर सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उसकी जेब से मिली पर्ची से उसकी शिनाख्त अरुण कुमार सिंह (50) वर्ष पुत्र महेंद्र सिंह निवासी मुझियाना थाना बिनावर जनपद बदायूं के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, परिजनों ने बताया कि अरुण मजदूर था। वह काला पीलिया की दवा लेने अमरोहा आ रहा था। सीओ सिटी अरूण कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। पोस्टमार्टम के बाद परिजन उसके शव को घर ले गए। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



बुरावली में क्षतिग्रस्त ट्रक।

### टायर फटने से ट्रैक्टर-ट्राली से टकराया ट्रक

**बुरावली, अमृत विचार :** सीमेंट लदा ट्रक मंगलवार सुबह छह बजे हसनपुर रहरा मार्ग पर हसनपुर की ओर जा रहा था। ट्रक बुरावली ही पहुंचा था तभी टायर फट गया। इससे अनियंत्रित होकर ट्रक एक धर्म कांटे के निकट ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराया। ट्रक व ट्रॉली क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक व ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से दोनों ट्रक चालक व ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। भीड़ ने घायल पप्पू व संजय को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इनकी हालत गंभीर है।

## महिला नकद और जेवर लेकर प्रेमी के साथ फरार

**हसनपुर, अमृत विचार :** साहब ! उसने कोर्ट मैरिज कर मुझे से पांच लाख रुपये लेकर गबन कर लिए और मुझे छोड़ कर चली गई। जब मैं उसे फोन कॉल करता हूं तो वह और उसका प्रेमी मुझे जान से मारने की धमकी देते हैं। थाना रहरा क्षेत्र के एक गांव निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग ने पुलिस क्षेत्राधिकारी के यहां शिकायती पत्र देकर मदद की गुहार लगाई है।

मंगलवार को रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगवार निवासी सुकराती ने पुलिस क्षेत्राधिकार कार्यालय में शिकायती पत्र दिया। बताया कि कुछ वर्ष पूर्व थाना सैदनगली के एक गांव निवासी महिला से उसकी मुलाकात हुई थी और बाद में दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली थी। इस दौरान महिला ने उससे पांच लाख रुपये ले लिए। पीड़ित से चार तोले सोने का जेवर भी ले लिया। इसके बाद आरोपी महिला अपने मायके जाने का बहाना करके चली गई। पीड़ित सुकराती ने बताया कि अब वह उसे फोन करता है तो वह और उसका प्रेमी उसे जान से मारने की धमकी देता है। इससे उसे खतरा है।

## सार संक्षेप

### चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने दो आरोपी पकड़े

**अमरोहा, अमृत विचार :** रजबपुर थाना पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मंगलवार को रजबपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो वाहन चोर बाइक लेकर जा रहे हैं। पुलिस ने दोनों को रंगे हाथ दबोच लिया और उनके पास से चोरी की बाइक भी बरामद कर ली। पकड़े गए आरोपियों से थाने ले जाकर जब पूछताछ की गई, तो उन्होंने अपने नाम सविंदर और दीपू निवासी गांव गफ्फारपुर बताए।

### बाइक सवारों ने महिला के कान से सोने का कुंडल खींचा

**गजरौला, अमृत विचार :** ई-रिक्शा में सवार महिला से बाइक सवार लुटेरों ने सोने का कुंडल खींच लिया। शोर-शराबा होने पर भीड़ जमा हुई। लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए। क्षेत्र के देहरा चक निवासी नरेंद्र की पत्नी मंजू सोमवार देर शाम किसी काम से गजरौला आई थीं। वह काम निपटाकर अपने घर वापस जा रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान शहर के फाजलपुर रेलवे फाटक के पास पीछे से आए दो बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर मंजू के कान का कुंडल खींच लिया। पीड़िता ने शोर मचाया तो मौके पर आसपास के भीड़ जमा हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


एसएलजे पब्लिक स्कूल में पूल पार्टी में मस्ती करते बच्चे। ● अमृत विचार

### पूल पार्टी में बच्चों ने जमकर की मस्ती

**बुरावली, अमृत विचार :** क्षेत्र के एसएलजे पब्लिक स्कूल स्थित नॉलेज पार्क हाकमपुर में बच्चों ने पूल पार्टी में खूब धमाल मचाया। विभिन्न खिलौनों ने उनके आनंद को और बढ़ा दिया। बच्चों को लू से बचने के उपाय की जानकारी दी गई। बच्चों ने पानी से भरे पूल में जमकर मस्ती की। गेम्स खेले, गानों की धुन पर रेन डांस किया। सेल्फी पांइट पर बच्चों ने खूब फोटो खिंचवाए। स्कूल प्रबंधक संजय सिंह भाटी ने लू एंव गर्मी से बचने के टिप्स दिए। इस मौके पर प्रधानाचार्य शिवानी त्यागी, रोहित पोसवाल, मनोज कुमार, गुंजन त्यागी, चंचल, नीरज आदि मौजूद रहे।


गांव पूरनपुर में विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### पूरनपुर में सीसी रोड निर्माण में धांधली का आरोप

**डिडौली, अमृत विचार :** पूरनपुर में सीसी रोड निर्माण में मानक के अनुसार सामग्री का प्रयोग न करने और सड़क चौड़ीकारण को लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। लोक निर्माण विभाग के विरुद्ध नारेबाजी की। अमरोहा से मीरा सराय, कांकर सराय पूरनपुर होकर डिडौली को जोड़ने वाली 10 किलोमीटर सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। पूरनपुर में सीसी रोड का निर्माण किया गया। यहां ग्रामीणों का आरोप है कि सीसी रोड किनारे नाला निर्माण में मानक के अनुसार सामग्री का प्रयोग नहीं कराया जा रहा है। बनते समय ही नाला टूट रहा है। सड़क निर्माण के समय भी ग्रामीणों ने धांधली बाजी को लेकर संबंधित अधिकारियों से शिकायत की थी। लोग निर्माण विभाग के विरुद्ध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन करने वालों में डॉ. होतेराम, राहुल, प्रभु सिंह, गनपत सिंह, जीशान, देवीदास, सोनू, मोनू, महिपाल सिंह, अमन सिंह, रिन्टू सिंह, अनिल कुमार, मोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्थानीय लोगों की मदद से जड़ जमा रहा था सट्टा किंग

**गजरौला, अमृत विचार :** सट्टा किंग गंगा की गोद में स्थानीय लोगों की मदद से जड़ जमा रहा था। वही उसके एक साथी का भी नाम प्रकाश में आ रहा है। वह स्थानीय लोगों की मदद से सट्टा किंग रमेश चौरसिया को जमीन खरीदने की जानकारी देता था। शनिवार को मुंबई से आई आयकर विभाग की टीम ने गजरौला खादर क्षेत्र के छह गांवो में पहुंचकर ऑनलाइन सट्टा किंग रमेश चौरसिया की 15 सौ बीघा जमीन जब्त की थी। इसकी कीमत अरबों रुपये है। लेकिन टीम अभी और कई सबूत जुटाने में लगी है। ऑनलाइन सट्टा किंग रमेश ने स्थानीय लोगों की मदद से 1500 बीघा जमीन गजरौला खादर क्षेत्र में खरीद रखी है। इस पर आयकर विभाग की टीम ने बोर्ड लगाकर जब्त कर लिया। इस जमीन को न ही कोई बेच सकता है और न कोई खरीद सकता है। एसडीएम चंद्रकांता ने बताया कि मामले में सट्टा किंग के एक साथी का नाम प्रकाश में आ रहा है। लेकिन टीम अब गजरौला में नहीं है।

### श्री मद्भागवत कथा सुनने से होता है कल्याण


कथा सुनाते कथा वाचक।

**नौगावां सादात, अमृत विचार :** गांव खेड़का में चल रहे श्री मद्भागवत कथा के चौथे दिवस मंगलवार को कथा में यश कृष्ण आचार्य ने श्री कृष्ण जन्म की लीला का वर्णन किया। कथा व्यास ने कका कि शुकदेव जी महाराज परिक्षित से बोले जब-जब धर्म की हानि हुई है, तब-तब प्रभु ने अवतार लेकर जगत का कल्याण किया है। सत्य सनातन की धुरी है। राम और कृष्ण का अस्तित्व इसी पर टिका है। सुखदेव कहते हैं कि हे परीक्षित यश-अपयश, लाभ-हानि, जीवन-मरण सब में ही हूं। उड़े अबीर गुलाल जैसे भजनों को सुन भक्त भावविभोर हो गए। झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। संगत और भक्ति मोक्ष के द्वार है।


पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

# संचार क्रांति के जनक थे राजीव गांधी : कटारिया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जोया में स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में मंगलवार को पूण्यतिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को नमन किया गया। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि आज एक वीर सपूत राजीव गांधी का बलिदान दिवस है। देश में संचार क्रांति और कंप्यूटर क्रांति को बढ़ावा दिया। राजीव गांधी भारत में संचार क्रांति और कंप्यूटर क्रांति के जनक माने जाते हैं। इस मौके पर शहर अध्यक्ष फैज आलम राईनी, पीसीसी सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष सचिन चौहान, अनवर हुसैन, जीशान अली, राजकुमार, अरुण, सचिव उबैद आलम, मोहसिन अली, हरस्वरूप प्रधान, हाजी फहीम अहमद आदि रहे।

## दुष्कर्म का आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

**नौगांवा सादात, अमृत विचार:** नौगांवा सादात क्षेत्र में दुष्कर्म का आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। पीड़ित पक्ष को जान से मारने की दे रहा है। पहले पुलिस ने पीड़ित पक्ष को मामला दर्ज करानें में टरकाया और अब रिपोर्ट के बाद भी आरोपी को पुलिस नहीं पकड़ पा रही है।

क्षेत्र के गांव का आरोपी का पिता होमगार्ड विभाग में तैनात है। उसके बेटे के संबंध पड़ोस की महिला से चल रहे थे। एक दिन वह उसे बहला फुसलाकर अपनी बाइक से अज्ञात स्थान पर ले गया और उसने अपने मोबाइल से उसका अश्लील वीडियो बनाया। यह वीडियो उसने अपने साथियों को वायरल कर दिया। पीड़िता ने थाने में शिकायत की लेकिन पांच दिन तक मामला नहीं किया गया। इसके बाद पीड़ित लोगों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया तो मामला दर्ज हुआ। थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि आरोपी को जल्द पकड़ा जाएगा।

# बिजली टीम पर परेशान करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अमरोहा देहात क्षेत्र में धनौरा उर्फ मुरादनगर स्थित बिजलीघर से जुड़े गांवों के उपभोक्ताओं को बिल वसूली अभियान के तहत चेकिंग के नाम पर परेशान किया जा रहा है। टीमें गांवों में हर रोज चेंकिंग कर लोगों पर बकाया बिल जमा करने का दबाव बना रही हैं। साथ ही उपभोक्ताओं के केबल काट दिए हैं। कुछ लोगों का आरोप है कि बिजलीकर्मी उन्हें कार्रवाई की धमकी दे रहे हैं।

धनौरा उर्फ मुरादनगर स्थित बिजलीघर से धनौरा, अफजलपुर, धरौनी अहीर, कांकर सराय, मीरा सराय, डाईडेरा, पूरनपुर समेत करीब 40 गांव जुड़े हुए हैं। इन गांवों में एक सप्ताह से बिजली विभाग की टीमें लगातार चेकिंग कर रही हैं। बताया गया कि टीमों ने बकायेदारों के नामों की सूची जगह-जगह चस्पा कर दी है। साथ ही घरों पर जाकर बिल जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। कुछ लोगों के केबल काटकर आपूर्ति बाधित कर दी है। इससे गर्मी में बच्चे और बुजुर्ग परेशान हो रहे हैं। कांकर सराय में एक सप्ताह पहले केबल काटकर मजदूर अंजार के घर की बिजली आपूर्ति बाधित कर दी थी। बिजली नहीं मिलने से गर्मी में उसके मासूम बच्चे बीमार हो गए हैं।

इसके अलावा कई उपभोक्ताओं ने बिजली टीमों पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। कुछ लोगों का कहना है कि टीमें बिजली चेकिंग के नाम पर उनका शोषण कर रही हैं। लोगों ने विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इस संबंध में जेई नीरज गुप्ता से फोन कॉल कर संपर्क करने की कोशिश की गई। लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

### 65 लोगों के काटे कनेक्शन

**अमरोहा, अमृत विचार :** बिजली उपभोक्ताओं से वसूली के लिए चलाए गए अभियान के दौरान टीम ने 65 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए। आठ लाख रुपये की वसूली की है। विद्युत वितरण खंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया कि बकायेदारों से वसूली के लिए मंगलवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 65 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए। उन्होंने बताया कि इससे पहले सभी उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर बकाया बिल जमा करने के निर्देश दिए थे। लेकिन उन्होंने बिजली का बिल जमा नहीं किया। विभाग को अभियान चलाकर उनके कनेक्शन काटने पड़े।

- **केबल कटने से गर्मी में बच्चे और बुजुर्ग हो रहे बेहाल**

**मौसम का प्रभाव** — तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहा, अस्पतालों में मरीजों की भीड़

# गर्मी से लोग बेहाल, सड़कों और बाजारों में सन्नाटा

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** पारा 41 के पार होते ही गर्मी प्रचंड हो गई, जिससे लोग बेहाल रहे। लू के थपेड़ों ने परेशानी बढ़ दी। सड़कें सुनसान रहीं और बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। मंगलवार को दिन निकलते ही मौसम गर्म होने लगा था, दोपहर तक गर्मी तेज हो गई थी।

धीरे-धीरे गर्मी का स्तर बढ़ता जा रहा है। पारा 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तो लोग बेहाल हो गए। गर्मी से बचने के लिए पेय पदार्थों का सेवन करते रहे। धूप से बचने के लिए सिर पर कैप, रुमाल और अंगोछा रखकर घर से बाहर निकल रहे थे। सुबह से ही गर्मी बढ़नी शुरू हो गई थी जो दोपहर तक भीषण हो गई। इस वजह से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़कें



गजरौला सीएचसी में लगी मरीजों की लाइन। ● अमृत विचार

सुनसान हो गईं। गर्मी के कारण सड़कों पर वाहनों का आवागमन कम रहा।

वाहनों में गर्मी के चलते बच्चे और बड़े बिलबिला गए। दिनभर बाजार में सन्नाटा रहा। शाम के समय गर्मी कम होने पर थोड़ी राहत महसूस हुई, इसके बाद बाजार में कुछ चहल-पहल जरूर हुई। सीएचसी प्रभारी डॉ. सतीश भास्कर ने लोगों से आह्वान किया कि गर्मी से बचाव के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन करें। डायरिया और बुखार होने पर नजदीकी चिकित्सालय में पहुंचकर अपना उपचार कराएं।

### तेज धूप और भीषण गर्मी लोगों को कर रही परेशान

**गजरौला, अमृत विचार :** रोजाना तेज धूप व गर्म हवा लोगों को झुलसा रही हैं। भीषण गर्मी के चलते लोग अब डायरिया का शिकार होने लगे हैं। सीएचसी में मरीजों का तांता लगा रहता है। रोजाना सात सौ से अधिक मरीज सीएचसी में पहुंच रहे हैं। इस गर्मी में बच्चे सबसे ज्यादा डायरिया का शिकार हो रहे हैं। मंगलवार को भी तेज धूप व गर्म हवा ने लोगों को झुलसा दिया। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सीएचसी में मंगलवार 720 मरीज इलाज के लिए आए। वहीं 10 से अधिक बच्चे डायरिया के शिकार होकर इलाज कराने के लिए पहुंचे। बढ़ते डायरिया के कारण लोग खासे परेशान हो गए हैं। चिकित्साधीक्षक डॉ.योगेन्द्र ने बताया कि गर्मी से बचने के लिए घरों में रहें।

# बच्ची से दुष्कर्म करने का आरोपी तहेरा भाई गिरफ्तार, जेल भेजा

संवाददाता, सैदनगली (अमरोहा)

**अमृत विचार :** कस्बे के एक मोहल्ले में सोमवार दोपहर शादीशुदा तहेरे भाई ने पांच वर्षीय बहन को अपने घर में ले जाकर दुष्कर्म किया। बच्ची की हालत बिगड़ने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और अन्य लोग वहां पहुंचे। गंभीर हालत में पुलिस ने मासूम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सोमवार को बच्ची अपने घर पर थी। उसकी मां साप्ताहिक बाजार से कपड़े लेने गई थी। परिवार के अन्य लोग भी काम पर गए थे। इस दौरान घर के बराबर में रहने वाले 25 वर्षीय शादीशुदा तहेरे भाई ने उसे आवाज देकर घर बुला लिया। उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।

**अपराध**

- **बच्ची की हालत गंभीर, पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया**
- **सैदनगली कस्बे के एक मोहल्ले की घटना, रिपोर्ट दर्ज कराई**

इससे बच्ची की हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ती देख आरोपी मौके से फरार हो गया। चीख पुकार सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। थानाध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## एक नजर

### लेखपाल का रुपये लेते वीडियो वायरल

**गुन्नौर अमृत विचार** : तहसील में तैनात एक लेखपाल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह ग्रामीण से रुपये लेते हुए दिखाई दे रहा है। गांव मढ़ावली निवासी कोमल सिंह का कहना है कि गांव के कुछ लोग उसकी भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बना रहे थे। आरोप लगाया कि भूमि की पैमाइश के नाम पर लेखपाल ने पहले 10 हजार ले लिए। उसके बाद 50 हजार और ले लिए लेकिन भूमि पर कब्जा होने से नहीं रोका। वहीं सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### एसडीएम ने सील कराया अवैध अस्पताल

**गुन्नौर अमृत विचार** : एसडीएम ने सीएचसी अधीक्षक के साथ छापेमारी कर अवैध रूप से संचालित अस्पताल को सील करा दिया। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी गई। मंगलवार शाम को एसडीएम रमेश बाबू ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ बदायूं रोड पर स्थित नेशनल क्लीनिक पर छापेमारी करते हुए कार्रवाई कराई। सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डा. पवन सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर क्लीनिक सील करने की कार्रवाई हुई है। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है।

### सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार** : पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला ख्वास खाँ सराय निवासी अब्दुल करीम मुहल्ला दिल्ली दरवाजा में किराए पर खाद बीज की दुकान चलाते थे। कुछ दिन पहले अब्दुल करीम की मौत हो गई तो उनका बेटा दानिश करीम दुकान पर बैठने लगा। आरोप है कि इस बात का विरोध करते हुए दुकान स्वामी नासिर के बेटे दानिश व अली फराज ने दुकान के शटर में अपने ताले लगा दिए। दानिश करीम ने धोखाधड़ी का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। सुनवाई नहीं होने पर दानिश करीम ने प्रार्थना पत्र देकर एसपी से न्याय की गुहार लगाई। मंगलवार को एसपी के आदेश पर पुलिस ने दानिश व अली फराज के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की।

# गंगा में उतराता मिला छात्र का शव

## नहाने के दौरान डूब गए थे तीन किशोर, दो को बचा लिया गया था, एक लापता था

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार** : गुन्नौर क्षेत्र गांव गंगावास के पास गंगा में नहाते वक्त सोमवार को डूबे छात्र ब्रजेश का शव 24 घंटे बाद गंगाघाट से करीब दो सौ मीटर दूर गंगा में उतराता मिला।


ब्रजेश का फाइल फोटो।

इकलौते बेटे शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घर का चिराग बुझने से मातम छा गया। परिजनों ने दोपहर बाद गंगाघाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। ब्रजेश उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा सात का छात्र था।

गांव फत्तेहपुर के कुछ किशोर सोमवार को गांव गंगावास के पास पशु चराने गये थे। गर्मी लगने पर छात्र ब्रजेश (14) पुत्र ललतेश, सुमित (14) पुत्र नेत्रपाल और नेत्रपाल का भांजा अंकित (15) पुत्र उमेश निवासी ईसापुर बरौरा आदि गंगा में नहाने लगे। तब गहरे पानी में जाकर ब्रजेश, सुमित और अंकित डूबने लगे थे। आसपास खेतों में मौजूद ग्रामीणों ने प्रयास करके सुमित और अंकित को बाहर निकाल लिया था जबकि ब्रजेश गहरे पानी में डूब गया था। पुलिस की मौजूदगी में गोताखोरों ने ब्रजेश की गंगा में काफी तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चल सका। शाम को एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची। मंगलवार को एसडीआरएफ टीम और गोताखोरों ने गंगा में रेस्क्यू अभियान चलाया। मोटर वोट को तेजी से घुमा कर गंगा के पानी को खंगाला गया ताकि शव नीचे तल पर हो तो ऊपर आ जाए। सुबह करीब साढ़े दस बजे गंगा में सर्च ऑपरेशन के दौरान छात्र ब्रजेश का शव पानी में उतराता मिला। ब्रजेश का शव मिलने पर मां वीरवती रोने-बिलखने लगी। पिता ललतेश के आंखों के आंसू नहीं थमे। इकलौते बेटे ब्रजेश की मौत से ललतेश के घर में मातम छा गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।


गुन्नौर में छात्र का शव मिलने के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

**बुझ गया घर का चिराग**
- एसडीआरएफ टीम व गोताखोरों ने गंगा में चलाया रेस्क्यू अभियान
- उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा सात का छात्र था ब्रजेश

# लाखों के आभूषणों से भरा बैग पुलिस ने लौटाया, खिला दिल्ली के दंपती का चेहरा

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** : दिल्ली के दंपती संभल में शादी समारोह में शामिल होने आये तो वह बैग गुम हो गया जिसमें दंपती के कीमती आभूषण व लैपटॉप था। उदास चेहरा लिये पति पत्नी दिल्ली वापस लौट गये। इसके बाद चौकी प्रभारी सुनील कुमार दिवाकर ने दंपती को बुलाकर खोया बैग उनके सुपुर्द कर दिया। बैग पाकर दंपती का चेहरा खिल उठा।

दिल्ली के सीलमपुर निवासी मोहम्मद नाजिम रविवार को दिल्ली से टैक्सी में सवार होकर पत्नी आलिया फातिमा के साथ संभल के मुहल्ला चौधरी सराय अपनी रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने आया था। चौधरी सराय पुलिस चौकी के पास कार से उतरते समय नाजिम का लैपटॉप व कीमती जेवर वाला बैग छूट गया। नाजिम को लगा कि शायद उसका बैग दिल्ली में ही रह गया है। बैग गुम हो जाने की वजह से दंपती का चेहरा उतर गया। शादी समारोह होने के बाद नाजिम पत्नी आलिया फातिमा के साथ वापस दिल्ली पहुंचा। वहां देखा तो बैग नहीं था। चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि एक बैग लावारिस मिला तो सीसीटीवी फुटेज चेक की गई। पता चला कि कार से एक महिला व व्यक्ति जो उतर रहे थे उनका छूट गया है। पता लगाकर दिल्ली से नाजिम व आलिया फातिमा को बुलाकर उनका बैग वापस किया गया। बैग मिलने के बाद पुलिस की प्रशंसा करते हुए दंपती दिल्ली चले गए।


दिल्ली के दंपती को बैग सौंपते चौकी प्रभारी सुनील कुमार दिवाकर। ● अमृत विचार

- शादी समारोह में शामिल होने आये थे दिल्ली के पति पत्नी
- टैक्सी से उतरते समय गुम हो गया था जेवर व लैपटाप का बैग
- चौकी प्रभारी सुनील कुमार दिवाकर ने सौंपा बैग

# निजी फाइनेंस कंपनी के पूर्व अधिकारियों ने महिलाओं के 42.50 लाख रुपये हड़पे

कार्यालय संवाददाता, संभल/धनारी

**अमृत विचार** : गरीब बेरोजगार महिलाओं को समूह के रूप में ऋण देने वाली एक निजी फाइनेंस बैंक कंपनी के पूर्व अधिकारियों ने 42.50 लाख रुपये की धनराशि हड़प ली। कंपनी में कार्यरत एमबीसी (मल्टी बैंक कनेक्टिविटी एजेंट) ने जुनावई थाना पुलिस को तहरीर दी है। एमबीसी ने किस्त का पैसा ब्याज सहित लोन खातों में जमा कराने तक दूसरी किस्त न उठाने दिए जाने की गुहार लगाई है।

निजी फाइनेंस बैंक कंपनी में जुनावई, कैला देवी, काशीपुर, दिनौरा, पतरिया लोकेशन पर कार्यरत एमबीसी जितेंद्र, राहुल, शारदा देवी, अजब सिंह, इसरार अली ने तहरीर में कहा है कि कंपनी के पूर्व अधिकारियों को महिलाओं से प्राप्त किस्त की रकम दी ताकि उनकी सिविल को सही रखा जाए। नवंबर 2023 में बैंक पोर्टल से पता चला कि संभल समेत कई जिलों की 14 हजार महिलाओं की किस्त के लगभग 4 करोड़ रुपये गबन कर लिए गए। इनमें संभल की 1500 महिलाओं की प्रथम किस्त के करीब 42.50 लाख रुपये हैं। इस बीच पूर्व के अधिकारियों को बैंक ने निकाल दिया तो नए अधिकारी आ गए। अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं की सिविल खराब होने पर एमबीसी जिम्मेदार होंगे लेकिन पूर्व के अधिकारियों को निकाले जाने की बात पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

एमबीसी ने पुलिस से महिलाओं के लोन खातों में मय ब्याज के रकम जमा कराकर सिविल ठीक कराने की मांग की है। सिविल ठीक होने तक किस्त नहीं उठवाने की गुहार भी लगाई है। बताते चलें कि पूर्व में एसपी से भी शिकायत की चुकी है।


जुनावई में कोतवाली के बाहर मौजूद पीड़ित। ● अमृत विचार

- एमबीसी ने जुनावई थाना पुलिस को तहरीर देकर लगाई गुहार

# संभल के क्लीनर की हैदराबाद में हुए सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** : संभल शहर के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी क्लीनर की हैदराबाद में रविवार को हुए सड़क हादसे में मौत हो गई।

तुर्तीपुर इल्हा निवासी मोहम्मद वसीम मुहल्ले के ही अपने दोस्त चालक इकबाल के साथ डाक पार्सल कंटेनर पर क्लीनर के काम पर गया। इकबाल दिल्ली से कंटेनर लेकर रविवार को हैदराबाद पहुंचा था। यहां पहुंचकर इकबाल के साथ होटल पर चाय पीने के बाद मोहम्मद वसीम सड़क पार कर रहा था। अचानक से सामने से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। इकबाल आनन फानन में मोहम्मद वसीम को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां डॉक्टर ने मोहम्मद वसीम को मृत घोषित कर दिया। मोहम्मद वसीम का शव घर लाने के लिए परिजन हैदराबाद के लिए रवाना हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद मोहम्मद वसीम का शव परिजनों को सौंप दिया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात महिला का शव

**बहजोई, अमृत विचार** : अलीगढ़-बरेली रेलवे ट्रैक पर महिला का शव पड़ा मिला है। एक मालगाड़ी बहजोई व पाठकपुर से होती हुई अलीगढ़ की ओर गुजर रही थी। ट्रेन चालक को पाठकपुर और बहजोई के बीच रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा दिखाई दिया। जिसकी सूचना उन्होंने रेलवे स्टेशन धनारी पर स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। उन्होंने महिला की शिनाख्त करने की कोशिश की लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। पाठकपुर के चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि करीब 25 से 28 वर्ष की महिला के शव का फोटो को प्रसारित किया गया है, लेकिन शाम तक शिनाख्त नहीं हुई थी।

## सार-संक्षेप



भवालपुर गांव से एक दिवसीय टूर पर रवाना होते बच्चे व स्टाफ। ● अमृत विचार

### एक दिन के टूर पर निकले स्कूली बच्चे, जमकर की मस्ती

**संभल/ओबरी, अमृत विचार** : लिटिल फ्लावर्स एकेडमी भवालपुर से वनडे एजुकेशनल टूर के तहत 150 छात्र छात्राओं को मुरादाबाद में प्रेमवंडर लैंड की सैर कराई गई। जिसमें खेलकूद गतिविधियों के अलावा भ्रमण भी कराया गया। मंगलवार को स्कूल के प्रबंधक बुद्ध सिंह, अध्यक्ष अरविंद कुमार और प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर तीन बसों को मुरादाबाद में प्रेमवंडर लैंड के लिए रवाना किया गया। बसों में सवार छात्र छात्राओं ने प्रेमवंडर लैंड में खूब मस्ती की। खेलकूद और योगा की गतिविधियों में हिस्सा लिया। भ्रमण करके बच्चों में खुशी का माहौल रहा। इस दौरान शिक्षक शिवम नैन, कपिल देव, अक्षमा नैन, मुकेश कुमार, राहुल सिरोही, खुशबू सिरोही आदि रहे।

### गर्मी बढ़ते ही लड़खड़ाने लगी शहर की बिजली आपूर्ति

**चन्दौसी, अमृत विचार** : गर्मी बढ़ने से विद्युत आपूर्ति लड़खड़ाने लगी है। बिजली नहीं मिलने पर लोगों का जीना मुहाल बना हुआ है। गर्मी में ट्रिपिंग व फाल्ट की समस्या बनी रहने से एक से दो घंटे बिजली गुल रहती है। मंगलवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। बिजली गुल होने पर गर्मी के कारण लोगों का घर में रहना मुश्किल हो जाता है। मगर दोपहर में बाहर धूप होने पर घर ही रहना पड़ता है। उन लोगों को ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है जिनके घर मे इनवर्टन नहीं हैं। भीषण गर्मी में विद्युत लाइन में ओवरलोड होने से ट्रिपिंग होती रहती है। अत्यधिक लोड से फाल्ट हो जाता है। जिससे एक से दो घंटे बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है। दिन भर यही समस्या बनी रहने से लोगों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। एसडीएम प्रथम, विद्युत वितरण खंड अजय कुमार शुक्ला का कहना है कि विभाग की ओर से पुरानी विद्युत लाइन को बदलकर नए तार लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। ताकि लोगों को बेहतर विद्युत आपूर्ति दी जा सके। ओवरलोड होने से ट्रिपिंग होती है और लोड अधिक होने पर फाल्ट हो जाता हो जाता है। वर्तमान में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।



पुण्यतिथि पर राजीव गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते कांग्रेस के कार्यकर्ता।

### राजीव गांधी को नमन कर उनके योगदान को किया याद

**संभल, अमृत विचार** : कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। देश के लिए उनके योगदान को याद किया। शहर कांग्रेस कमेटी के आलम सराय में स्थित कार्यालय पर शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी देश में सूचना क्रांति एवं कम्प्यूटर क्रांति शुरू करने वाले प्रथम प्रधानमंत्री थे। वह मानते थे कि देश को आगे ले जाने के लिए युवाओं को आगे लाना होगा। इसलिए युवाओं को सशक्त करने के लिए उनके हाथों में कम्प्यूटर दिया। देश में जवाहर नवोदय विद्यालय का गठन किया तो हजारों नवोदय विद्यालय की स्थापना हुई। इस दौरान महिला जिलाध्यक्ष कल्पना सिंह, शहर उपाध्यक्ष अकील अहमद, मौअज्जम हुसैन, अनीस सैफी, सफी सैफी, उमर अंसारी, वीर सिंह सागर, अजीम, मोंटू, गुलशन सिंह आदि रहे।

### बुलेट की टक्कर से भिड़ीं दो बाइक, दो लोग घायल

**संभल, अमृत विचार** : सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर बुलेट मोटरसाइकिल की टक्कर लगने के बाद दो बाइक आपस में भिड़ गईं। जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के गांव गोविंदपुर निवासी यामीन व हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर सराय निवासी नजर हुसैन सोमवार की रात दस बजे अलग अलग बाइक पर सवार होकर चंदौसी की ओर से आ रहे थे। कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर स्थित नंदा फैक्ट्री के पास सामने से आ रही बुलेट मोटरसाइकिल ने यामीन की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे यामीन की बाइक अनियंत्रित होकर बराबर में चल रहे नजर हुसैन की बाइक से टकरा गई और नजर हुसैन व यामीन सड़क पर गिरकर घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक बुलेट मोटर साइकिल लेकर मौके से फरार हो गया।

### छात्रा के साथ दुष्कर्म, शिकायत पर पिता से मारपीट

**संभल/सौंधन, अमृत विचार** : कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव में जंगल में शौच के लिए गई इंटर की छात्रा के साथ गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया। इस दौरान युवक के दो दोस्त उसके मददगार बनकर वहां खड़े रहे। पिता ने शिकायत की तो उसके साथ मारपीट की गई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लिया है। कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव निवासी कक्षा 12 की छात्रा रविवार शाम घर से शौच के लिए जंगल में गई थी। आरोप है कि गांव के ही तीन युवक जंगल में पहुंच गये और छात्रा को अपने साथ दूसरे गांव के जंगल में ले गए। छात्रा का कहना है कि जंगल में मक्का के खेत में एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया जबकि बाकी दो वहां उसके मददगार बने खड़े रहे। छात्रा ने घर आकर आपबीती बताई। आरोप है कि युवक के घर शिकायत करने पहुंचे छात्रा के पिता के साथ भी आरोपी युवकों ने मारपीट की।

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बदायूं के बाइक सवार की जान गई

संवाददाता, बहजोई (संभल)

**अमृत विचार** : बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहे बदायूं के ग्रामीण की बाइक में ट्रैक्टर ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जनपद बदायूं के थाना बिसौली अंतर्गत गांव जलालपुर निवासी वीरपाल पुत्र रामसहाय मंगलवार की सुबह किसी कार्य को लेकर अपनी बाइक पर सवार होकर पाठकपुर आया हुआ था। वह शाम को बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। पाठकपुर नाधा मार्ग पर सामने से ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। वीरपाल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस 108 की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए मृत घोषित कर दिया। धनारी के प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हुई है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक घायल

**असमोली, अमृत विचार** : गांव हीरापुर निवासी नेत्रपाल मंगलवार को बाइक पर सवार होकर असमोली आ रहा था। संभल मनोटा मार्ग पर जिला सहकारी बैंक असमोली के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# प्यास बुझाने के नहीं इंतजाम, लोग हो रहे परेशान

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार** : लगातार बढ़ रहे तापमान से गर्मी सितम कहर बरपा कर रहा है। सुबह से ही तेज धूप से हलक सूखने लगते हैं। फिर भी लोगों का गला तर करने के लिए प्याऊ या हैंडपंप की व्यवस्था नहीं है। कई राहगीर दुकानों पर बिक रहे पानी के पाउच खरीदने के लिए मजबूर हैं।

बबराला में इंदिरा चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक मुख्य बाजार के आधा किलोमीटर रास्ते में राहगीरों की प्यास बुझाने का कोई इंतजाम नहीं है।

भीषण गर्मी में पेयजल के मामले में जनप्रतिनिधि और नगर पंचायत गंभीर नहीं दिख रही है। नगर में लाइन पार अनूपशहर रोड, रामलीला मैदान, रेलवे स्टेशन के आगे और इंदिरा चौक सहित सार्वजनिक स्थानों पर विधायक निधि से ठंडे पानी की मशीनें लगवाई गई थीं लेकिन घटिया क्वालिटी और देखरेख के अभाव में मशीनें कुछ ही दिनों में बंद हो गईं। चिलचिलाती गर्मी में लोग ठंडे पानी के लिए भटकने के लिए मजबूर हैं। बाजार में आते जाते लोगों की प्यास बुझाने का सारा दारोमदार कुछ दुकानों के आगे लगे गिनती के हैंडपंपों पर है। ऐसे हालात के बावजूद समाजसेवियों की ओर से भी प्याऊ लगवाने के लिए कदम नहीं उठाए गए।

- कई राहगीर दुकानों पर बिक रहे पानी के पाउच खरीदने को मजबूर
- प्याऊ या हैंडपंप की व्यवस्था नहीं है बबराला में

> नगर क्षेत्र में 126 इंडिया मार्क-2 हैंडपंप लगे हैं। इनकी लगातार देखरेख की जा रही है। पानी की मशीनों की मरम्मत कराई गई लेकिन कारगर नहीं हुई। अपने स्तर से प्रयास कर रहे हैं ताकि लोगों को पानी मिल सके।
> —हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, चेयरमैन, नगर पंचायत

### बारिश नहीं होने से गर्मी में लोग हुए पसीना-पसीना

**संभल, अमृत विचार** : बारिश नहीं होने की वजह से भीषण गर्मी के बीच जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मंगलवार को भी पारा 41 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तो लोग दुश्वारियों से जूझते हुए नजर आए। दोपहर में तो कई क्षेत्रों में सन्नाटे का माहौल बन गया। आलम यह रहा कि शाम से ही बाजारों में उम्मीद के मुताबिक रौनक नहीं दिखी क्योंकि लोगों ने घरों से निकलने से परहेज किया। सोमवार को देर रात से ठंडी हवा चली तो लोगों ने राहत महसूस की।


भीषण गर्मी के बीच चेहरा ढककर जाती स्कूटी सवार युवती।

हालांकि मंगलवार को सुबह के वक्त भी ठंडी हवा चली लेकिन समय आगे बढ़ा तो चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही पारा भी चढ़ने लगा। कई लोगों ने धूप से बचने के लिए चेहरों को कपड़े से ढका। आंखों को बचाने के लिए चश्मे का इस्तेमाल किया। दोपहर के वक्त तो गर्मी ने तेवर दिखाए तो लोग घरों में कैद होने लगे। दोपहर करीब दो बजे से चंदौसी चौराहा, चौधरी सराय चौराहा, शंकर कॉलेज चौराहा आदि पर सन्नाटे का माहौल बनने लगा। शाम को पांच बजे भी चिलचिलाती धूप की वजह से पसीना नहीं रुका। तमाम लोगों ने बाजारों में पहुंचकर खरीदारी से भी परहेज किया।

**लापरवाही** पालिका ने ठीक कराई पाइप लाइन, फिर भी मार्ग पर बह रहा पानी, लोग परेशान

# पाइप लाइन लीक होने से मुख्य मार्ग पर जलभराव

कार्यालय संवाददाता, संभल/सरायतरीन

**अमृत विचार** : बेशक नगर पालिका परिषद ने नाला सफाई के दौरान टूटने से लीक हुई पाइप लाइन ठीक करा दी लेकिन मुख्य मार्ग पर जलभराव होने से लोग दिक्कतों से जूझ रहे हैं। पाइप लाइन ठीक करने के लिए खोदे गए गड्ढे में मिट्टी भी नहीं भरी गई है। यह मामला हयातनगर से सरायतरीन को जाने वाले मार्ग का है। स्थानीय लोगों ने पालिका के जिम्मेदारों से समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई है।

दरअसल, हयातनगर से सरायतरीन को जाने वाले मार्ग के नाले की मशीन से सफाई कराई गई थी। इस काम के चलते एक सप्ताह पहले पाइप लाइन टूटकर लीक होने लगी तो तमाम घरों में दूषित पानी की आपूर्ति शुरू हो गई तो कई घरों में पानी आपूर्ति नहीं हो सकी। जिससे लोगों में रोष पनपा और नगर पालिका को सूचना दी। कर्मचारियों ने तीन दिन तक काम किया और पाइप लाइन लीक होने से मुख्य मार्ग पर जलभराव हो गया। सोमवार को काम पूरा होने पर पाइप लाइन तो ठीक हो गई लेकिन मुख्य मार्ग पर पानी जमा होने से लोग दिक्कतों से जूझने लगे। चूंकि यह हयातनगर से सरायतरीन को आपस में जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है, इसलिए दिन में हजारों वाहन मार्ग से गुजरते हैं। वर्तमान में वाहन सवारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव होने से मच्छरों के पनपने पर संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा है। वाहनों को निकालने में परेशानी हो रही है।


संभल में सरायतरीन से हयातनगर को जोड़ने वाले रास्ते पर बने नारकीय हालात।

### कर्मचारी करें सफाई तो न हो दिक्कत

**संभल अमृत विचार** : स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा नाले की सफाई जेसीबी मशीन से कराई गई। पिछले वर्ष भी जेसीबी मशीन से सफाई होने पर पाइप लाइन फटी थी और इस बार भी ऐसा ही हुआ। अगर कर्मचारियों से सफाई कराई जाए तो शायद पाइप लाइन नहीं फटेगी और पेयजल की समस्या सामने नहीं आएगी।



> जेसीबी से नाले की सफाई के कारण ही पाइप लाइन टूटी जबकि व्यक्ति को पाइप लाइन होने की जानकारी दी थी। कई दिनों तक टोंटियों में दूषित पानी की आपूर्ति हुई। —मोहम्मद इकराम



> मुख्य मार्ग पर जलभराव होने की वजह से परेशानी हो रही है। बाइक सवार निकलते हैं तो गिरने का डर रहता है। नगर पालिका को समस्या का समाधान कराना चाहिए। —रवि कुमार

# डंपर पलटने से टूटे एचटी लाइन के चार पोल, कई गांव की बिजली ठप

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** : कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर ट्रक की टक्कर से गंगा एक्सप्रेस पर मिट्टी लेकर जा रहा डंपर सड़क किनारे पलट गया। डंपर की चपेट में आकर हाईटेंशन बिजली की लाइन के चार पोल टूट गए। पोल टूटने से इलाके के कई गांव की बिजली ठप हो गई है।

थाना क्षेत्र के गांव बागड़पुर इम्मा निवासी चालक धर्मवीर सोमवार की रात एक बजे थाना क्षेत्र में चल रहे गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण कार्य के लिए डंपर में मिट्टी भरकर लेकर जा रहा था। संभल गवां मार्ग पर गांव लधनपुर के पास सामने से आ रहे ट्रक ने डंपर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डंपर सड़क किनारे पलट गया। डंपर की चपेट में आकर हाईटेंशन बिजली लाइन के चार पोल भी टूटकर गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने खिड़की खोलकर केबिन के अंदर से फंसे घायल धर्मवीर को बाहर निकालकर पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया।


हादसे के बाद टूटे पड़े हाईटेंशन बिजली की लाइन के पोल व तार।

### बिजली आपूर्ति बहाल होने में समय लगेगा

**संभल, अमृत विचार** : संभल गवां मार्ग पर हादसे में डंपर की चपेट में और हाईटेंशन बिजली लाइन के पोल टूट गये तो इलाके की बिजली आपूर्ति भी ठप्प हो गई। कहा जा रहा है कि इस लाइन से एक दर्जन से ज्यादा गांव को बिजली आपूर्ति की जा रही थी। बिजली आपूर्ति बहाल होने में अभी कम से कम दो दिन का समय लग सकता है।

## एक नजर

### मां ने पुलिस से की बेटे की शिकायत

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के गांव बनियाखेड़ा की मढैय्या निवासी पीड़िता रामसनेही पत्नी सियाराम ने अपने बेटे के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें पीड़िता का कहना है कि उसका बेटा नशे की हालत में उसे गालियां देता और विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देता है।

### किशोरी को घर से उठाने का प्रयास, दो पर रिपोर्ट

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अशोक नगर में घर का गेट बंद करने आई किशोरी को दो भाई जबरन उठाकर ले जाने लगे। किशोरी की आवाज सुन मां ने युवकों से छुड़ाया। दोनों भाईयों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अशोक नगर निवासी पीड़ित पिता ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उनकी पुत्री कक्षा सात की छात्रा है। वह सोमवार की रात नौ बजे घर का दरवाजा बंद करने गई थी। तभी मोहल्ले के दो भाई पुलकित व श्याम ने किशोरी को उठा लिया और बाइक से बैठाकर ले जाने लगे। किशोरी की चीखने की आवाज सुन मां मौके पर पहुंची और बमुश्किल पुत्री को आरोपियों से छुड़ाया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों भाई पुलकित व श्याम के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### घर से नकदी-जेवर व कीमती सामान चोरी

**संभल।** चोरों ने घर में नकब लगाकर नकदी जेवर व अन्य कीमती सामान सहित दो लाख का मा ल समेट लिया।

नवाड़ा गांव में चोरों ने आरिफ के मकान को निशाना बनाया। आरिफ घर में रात को किसी समय चोरों ने घर की नकब लगाकर संदूक में रखी पांच हजार रुपये की नकदी, सोने व चांदी के जेवर सहित तमाम कीमती सामान चोरी कर लिया। आरिफ सुबह जागा तब घर में चोरी की जानकारी हुई। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी गई है।

### अधिवक्ताओं ने न्याय प्रवाह पत्रिका की सदस्यता ली

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद संभल ने न्याय प्रवाह सदस्यता अभियान के अंतर्गत तमाम अधिवक्ताओं को पत्रिका की सदस्यता दिलाई। सदस्यता लेने वाले राहुल दीक्षित जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी, सुनील कुमार अग्निहोत्री सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दीवानी एवं पारुल भारद्वाज एडवोकेट रहे।

# ट्रैक पार कर रहे मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत

## प्रेमनगर कॉलोनी क्षेत्र में मुरादाबाद से अलीगढ़ जाने वाली पैसेंजर की चपेट में आया नरौली का युवक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र की प्रेमनगर कॉलोनी में ट्रेन से कटकर 25 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। मृतक बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली का निवासी था। वह एक माह से अपनी बहन के घर आनंद विहार कॉलोनी में रह रहा था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस, जीआरपी व परिजन पहुंच गए।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली के मोहल्ला मंशा देवी निवासी विपिन 25 वर्ष पुत्र चंद्रपाल मजदूरी करके जीवन यापन कर रहा था। उसकी शादी छह माह पहले थाना टांडा क्षेत्र के गांव सिमरोहा निवासी शीतल से हुई थी। तीन माह पहले पत्नी ने तलाक का मुकदमा दायर कर दिया था। जिससे विपिन परेशान रहने लगा। जिसके चलते एक माह पहले वह कोतवाली क्षेत्र के आनंद विहार कॉलोनी निवासी बहन मीनाक्षी पत्नी संदीप के घर आकर रहने लगा। युवक की बहन मीनाक्षी ने बताया कि मंगलवार की सुबह भाई की ससुराल से फोन आया था, वे लोग गाली-गलौज कर रहे थे। उसके बाद सुबह आठ बजे भाई घर से चला गया। शाम छह बजे कॉलोनी में दिखाई दिया, तो बहन उसे घर ले गई। घर पहुंचने पर युवक धक्का देकर निकल आया। बहन पीछे-पीछे आ रही थी। शाम 6.15 बजे बहन से बचने के लिए युवक प्रेमनगर के पास स्थित चन्दौसी-मुरादाबाद ट्रैक पार कर रहा था। तभी मुरादाबाद से अलीगढ़ जाने वाली पैसेंजर आ गई और युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर स्टेशन अधीक्षक आशीष कुमार मिश्रा, जीआरपी इंचार्ज राजदेव पूनिया, प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।



युवक की मौत पर बिलखती बहन को ढांढस बंधाती महिलाएं। ● अमृत विचार

- एक माह से अपनी बहन के घर में रह रहा था विपिन
- तीन माह पहले पत्नी ने तलाक का मुकदमा दायर किया था



ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत के बाद छानबीन करती पुलिस। ● अमृत विचार

### हादसे के बाद 15 मिनट खड़ी रही ट्रेन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** हादसे के बाद लोको पायलट ने घटना से कंट्रोल को अवगत कराया। कंट्रोल ने सूचना स्टेशन अधीक्षक व जीआरपी को दी। करीब 15 मिनट मुरादाबाद-अलीगढ़ पैसेंजर ट्रेन प्रेमनगर में खड़ी रही। इसके बाद 6.30 बजे चन्दौसी जंक्शन के लिए रवाना हुई।

## सार-संक्षेप

### भगवान नरसिंह की पूजा अर्चना कर किया नमन

चन्दौसी, अमृत विचार : महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने मंगलवार को संयुक्त रुप से भगवान विष्णु के दस अवतारों में से एक भगवान नरसिंह ( नृसिंह ) का जन्मोत्सव तथा स्वंतत्रता सेनानी लीलावती मुंशी की जयंती भगवान नरसिंह मंदिर परिसर में धूमधाम से मनाई । इस दौरान भगवान नरसिंह की मूर्ति के समक्ष विधि विधान से पूजा अर्चना की। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने भगवान नरसिंह अवतार की कथा की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद से कहा मै ही भगवान हूं मुझे मानो, लेकिन प्रहलाद के न मानने पर उन्हें मारने के लिए सभी प्रयास किए गए। एक बार प्रहलाद को पिता ने दरबार में बुलाया और कहा तेरा भगवान कहां रहता है। प्रहलाद ने कहा सब जगह। हिरण्यकश्यप खंभे पर तलवार से वार किया तो भगवान नरसिंह प्रकट हो गए और नाखूनों से पेट फाड़ कर हिरण्यकश्यप का वध कर दिया। इसके बाद स्वतंत्रता सेनानी लीलावती मुंशी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रामकिशोर अग्रवाल, अतुल शंखधार, एनके शर्मा, कृष्ण गोपाल शर्मा, विवेक मिश्रा, वेदराम मौर्य, हेमंत कुमार गुप्ता, अवधेश अग्रवाल, सत्यभान मिश्रा, मुकेश शर्मा, ओमेंद्र शर्मा, अदम्य भारद्वाज, अरुण कुमार सिंह, नेपाल सिंह, शिवन्या भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

### मेरी लगी बालाजी संग प्रीत...

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से विनायक गार्डन के निकट सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं के पूजन संपन्न कराया। इसके पश्चात केजी शर्मा, अजय सक्सेना, दिवाकर गौड़, बृजेंद्र शर्मा, योगेंद्र कुमार शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, सुरेश चंद्र शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का लयवद्ध वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने दुनिया में देव हजारों हैं, बजरंग बली का क्या कहना, सुधा शर्मा ने मेरी लगी बालाजी संग प्रीत, कि दुनिया क्या जाने आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान कल्पना वार्ष्णेय, पीएन शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, गोविंद वार्ष्णेय, अशोक पाठक, सूरज पाराशरी, जयपाल सिंह, गंगाराम शर्मा, अभिषेक शर्मा, नीरज शर्मा आदि मौजूद रहे।



गांव दियौरा खास में हवन में आहुतियां देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### कुरीतियों के निवारण को हवन में दी आहुतियां

**कुढफतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** गांव दियौरा खास में मंगलवार को हरीसिंह आर्य के यहां आर्य यज्ञशाला के उद्घाटन की पूर्व संध्या पर यज्ञ किया गया। वेद प्रिया ने वेदमंत्रोचार के साथ यज्ञ कार्य संपन्न कराया। ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की और समाज में फैली कुरीतियों जुआ, मद्यपान, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, अंधविश्वास, रूढ़िवादिता आदि के निवारण एवं विश्व कल्याण के लिए यज्ञ में आहुतियां दी। तदोपरांत वेद प्रिया, आचार्य विनोद, राजाराम आर्य तथा व्यायाम शिक्षक धर्मवीर आर्य ने मतमतांतर व धर्म चतुष्टय, पुरुषार्थ पर चर्चा की। मुख्य यज्ञमान किशनपाल सिंह आर्य, हरि सिंह आर्य, डॉ. यादराम सिंह आर्य, अर्जुन सिंह, डम्बर सिंह, नवरत्न सिंह, अखिलेश आर्य, राजकुमारी, गुड्डो देवी, आदि रहे।

### अवैध खनन में दो ट्रैक्टर ट्राली को किया सीज

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे खनन इंस्पेक्टर मोहम्मद अलीम ने दो ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला सैफ खां सराय निवासी चालक इजहारुल व मुहल्ला मंडी किशनदास सराय निवासी आकिल अवैध खनन कर मिट्टी ट्रैक्टर ट्राली में भरकर लेकर जा रहे थे। खनन इंस्पेक्टर ने इजहारुल व आकिल से ट्रैक्टर ट्राली रुकवाकर खनन के कागजात दिखाने को कहा, लेकिन वे परमिशन नहीं दिखा सके। जिसके बाद खनन इंस्पेक्टर मिट्टी से लदे ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर पुलिस चौकी नुरियो सराय लेकर आ गए और कानूनी कार्रवाई कर ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** आंगनबाड़ी केंद्रों में भी ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग उठाई गई है। इस संदर्भ में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बाल विकास परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

विकास खण्ड बनियाखेड़ा की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मंगलवार को बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय पहुंचीं। वहां आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले बाल विकास परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से कहा कि भीषण गर्मी में बेसिक स्कूलों में ग्रीष्म कालीन अवकाश घोषित हो गया है और पूर्व में भी घोषित होता चला आ रहा है। परन्तु आंगनबाड़ी केंद्रों में 3-6 वर्ष के बच्चे आते हैं। उनके लिए किसी तरह का अवकाश नहीं है। बच्चों तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका के साथ भेदभाव किया जाता है। भीषण गर्मी में बीमार होने व हीट स्ट्रोक का खतरा बना रहता है। अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र गांव बस्ती में सुनसान वाले स्थानों पर संचालित हैं। बच्चों व आंगनबाड़ी और सहायिकाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ग्रीष्म अवकाश घोषित किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष संगीता गुप्ता, अर्चना, मोहिनी, बाला, कमलेश, रामबेटी, धनेंद्रवती, संतोष यादव, सुशीला देवी, सविता, सर्वेश कुमारी, ऊषा सागर, प्रवेश आदि आंगनबाड़ी व सहायिका उपस्थित रहीं।



बाल विकास परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सौंपती आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बाल विकास परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

# 31 मई को चुनाव में मतदान कर सकेंगे 710 अधिवक्ता

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**बार एसोसिएशन चुनाव**

- एल्डर्स कमेटी व चुनाव अधिकारी ने सदस्यता सूची जारी की
- शेष 259 अधिवक्ता केवल सदस्य ही रहेंगे,मतदान करने का अधिकारी नहीं होगा

**अमृत विचारः** चन्दौसी बार एसोसिएशन चन्दौसी का 2024-25 तक के कार्यकाल का चुनाव 31 मई को होगा। एल्डर्स कमेटी एवं चुनाव अधिकारी ने बार एसोसिएशन के कुल 969 सदस्यों की सदस्यता सूची जारी कर दी है। चुनाव में 710 सदस्यों को ही मताधिकार दिया गया है। जबकि शेष 259 सदस्य केवल सदस्य ही रहेंगे। उन्हें इस वार्षिक चुनाव में मतदान करने का अधिकारी नहीं होगा। सूची मंगलवार को बार के सूचना पट पर चस्पा कर दी गई है।

ऐल्डर्स कमेटी के चेयरमैन रामप्रकाश शर्मा ने बताया कि बार के सूचना पट पर चस्पा की गई सूची पर कोई भी आपत्ति बुधवार को दोपहर 12 बजे तक कमेटी को प्राप्त कराई जा सकती हैं। जिसका निस्तारण भी बुधवार को दोपहर दो बजे तक कर दिया जाएगा। बार के सभी पदों पर नामांकन 23 व 24 मई को सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक बार सभागार में ऐल्डर्स कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किये जाएंगे। 31 मई को चुनाव होगा।

इस अवसर पर कमेटी सदस्य अनिल कुमार गुप्ता, शकील वारसी, सगीर सैफी, हरीश कुमार अरोरा व चुनाव अधिकारी सुरेश कुमार अग्रवाल, कृष्णौतार शर्मा, नवनीत सिंह यादव उपस्थित रहे।

# ट्रेन में छूटा यात्री का ट्राली बैग जीआरपी ने लौटाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** सूबेदारगंज एक्सप्रेस में यात्री का छूटा ट्राली बैग जीआरपी ने लौटा दिया है। जीआरपी के इस कार्य की सराहना हो रही है। बैग मिलने पर यात्री का चेहरा खिल उठा। बैग में लैपटॉप समेत अन्य जरुरी सामान था।

यात्री अविजीत पुत्र अनिल निवासी मोहल्ला देवपुरा ग्राम कालोनी थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज 21 मई दिन सोमवार की रात सूबेदारगंज एक्सप्रेस 14113 में कोच-1 में सफर कर रहे थे। सीट के नीचे अपना लाल रंग का ट्राली बैग रख दिया था। देर रात जब ट्रेन अलीगढ़ पहुंची तो वह अलीगढ़ स्टेशन पर उतर गए लेकिन उनका ट्राली बैग सीट के नीचे रखा छूट गया। इससे पहले वह दौड़ कर ट्रेन से अपना बैग ला पाते। ट्रेन रवाना हो गई। बैग में एक लैपटॉप, पेपर ड्राइंग-7 नंबर रेलवे प्रोजेक्ट, एक पेपर बुकलेट रेलवे प्रोजेक्ट व कपड़े थे। उक्त बैग ट्रेन स्कोर्ट में थाना जीआरपी चन्दौसी पर तैनात हेड कांस्टेबल कामेंद्र सिंह व कांस्टेबल धनपाल सिंह को ट्रेन चलने के बाद एच-1 कोच की बर्थ नंबर 7 की सीट के नीचे से मिला। जिसकी सूचना रेलवे ट्रोल फ्री नंबर 139 को सूचना दी गई। जीआरपी चन्दौसी ने अविजीत से किसी तरह संपर्क किया। मंगलवार को थाना प्रभारी राजदेव पूनिया ने यात्री अविजीत को बुलाकर ट्राली बैग सामान सहित सुपुर्द कर दिया।



यात्री का ट्रेन में छूटा बैग व लैपटॉप लौटते जीआरपी थाना प्रभारी। ● अमृत विचार

# शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षकों की समस्याएं उठाईं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जनपद संभल ने बेसिक शिक्षकों की समस्याएं उठाई हैं। इस संदर्भ में छह सूत्रीय मांग पत्र बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंप कर समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से कहा कि जनपद के कुछ शिक्षकों ने अपने बच्चों की शादी, मकान मरम्मत, मकान पुनः निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्य करने हेतु जीपीएफ से ऋण की मांग की है। उससे संबंधित आवेदन आपके कार्यालय में लंबित हैं। जीपीएफ ऋण स्वीकृत कराया जाए। जिन शिक्षकों का जीपीएफ कटता है उन्हें वर्ष में एक या दो बार जीपीएफ पासबुक दिखाने तथा लेखा पर्ची उपलब्ध कराने से संबंधित आदेश दिए जाएं।



बहजोई में बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

परिषदीय विद्यालयों में तमाम ऐसे शिक्षक हैं जिन्हें एक ही पद पर सेवा करते हुए 10 वर्ष या इससे अधिक समय पूरा हो गया है लेकिन उनका चयन वेतनमान अभी तक नहीं लग पाया है।

उक्त से संबंधित संगठन ने एक ज्ञापन पूर्व में भी दिया था लेकिन एक वर्ष पूर्ण होने के बाद भी चयन वेतनमान नहीं मिला है। जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है।

जनपद के कुछ खंड शिक्षा अधिकारियों की ओर से न्यूनतम छात्र संख्या उपस्थिति एवं अन्य कार्य से बिना किसी नोटिस व स्पष्टीकरण के शिक्षकों का वेतन रोका जा रहा है जो की उचित नहीं है। रोके गए वेतन को निकलवाने के लिए संबन्धित को निर्देश दिए जाएं। कहा कि एफएलएन प्रशिक्षण का मानदेय अभी तक शिक्षकों के खाते में नहीं पहुंचा है।

पवांसा विकासखंड के शिक्षकों का शैक्षिक सत्र 2015-16 एवं शैक्षिक सत्र 2016-17 का महंगाई अंतर का एरियर अभी तक खातों में नहीं पहुंचा है। सभी मांगों का शीघ्र निस्तारण किया जाए।

इस अवसर पर प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष यादव, मंडल अध्यक्ष सतीश चंद्र, जिलाध्यक्ष सेवाराम दिवाकर, प्रदीप चौधरी, कालाराम यादव, राजकुमार सिद्दार्थ, जीतपाल सिंह, चिंतामणि, जगदीश बाबू, प्रहलाद यादव, ओमकार सिंह, सर्वेश कुमार, चन्द्रपाल सिंह, उमेश यादव आदि उपस्थित रहे।

- उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने छह सूत्रीय मांग पत्र बीएसए को सौंपा

# दुष्कर्म के आरोप में युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचारः** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव के पास स्थित भट्ठे पर युवक ने प्रेम जाल में फंसाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी की मां की ओर से आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

शहर से कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के पास स्थित ईट भट्ठे पर बनियाठेर थाना क्षेत्र के नरौली का परिवार ईट पथाई करता है। जहां उसी कस्बा का युवक भी कार्य कर रहा है। महिला ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि युवक ने उनकी 15 वर्षीय पुत्री को अपने प्रेम जाल में फंसा रखा है। तीन मई की रात साढ़े ग्यारह बजे युवक उनकी पुत्री को दूसरे भट्ठे पर ले गया। जहां उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। दूसरे दिन परिजन थाना कुढ़फतेहगढ़ पहुंचे और आरोपी युवक शिवम के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी शिवम के विरुद्ध पाक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम ALIMA ANJUM से बदलकर ALIMA S/O MOHD TASLEEM मौहल्ला टनडोला टांडा रामपुर रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

## सम्बन्ध-विच्छेद

मैंने अपनी बेटी कु0 रूली के सचिन कुमार से अपनी मर्जी से शादी करने के कारण मैंने व मेरे परिवार ने उससे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कुकृत्यों की वह स्वयं जिम्मेदार होगी। राजपाल पुत्र बिहारी लाल नि0 ग्राम अकौंदा तह0 मिलक थाना शहजादनगर जिला रामपुर ( उ0प्र0 )

## सम्बन्ध-विच्छेद

मेरा पौत्र मोहित पुत्र स्व नन्हे व पुत्रवधु कंचन पत्नी स्व नन्हे गलत संगत में पड़ गये है और आये दिन लड़ाई झगड़ा करते रहते है जिस कारण उन दोनों को मैं अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। भविष्य में ये अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। कल्लन सिंह पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम दमगढा तहसील हसनपुर जिला अमरोहा।

**अनदेखी** — विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव पथरा में गंदे पानी की निकास बाधित होने से दिक्कत

# जलभराव से पनप रहे मच्छर, बीमारी फैलने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** विकास खण्ड बनियाखेड़ा के गांव पथरा में करीब 50 घरों के लोग गंदे पानी की निकासी बाधित होने से सड़क पर जलभराव व गंदगी की समस्या से जूझ रहे हैं। गर्मी के मौसम के चलते स्थानीय लोगों में संक्रामक बीमारियों के फैलने का अंदेशा सता रहा है। लंबे समय से चली आ रही समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है और समस्या समाधान कराए जाने की मांग की है।

बदायूं मार्ग पर गांव पथरा है। गांव के बाहरी क्षेत्र में पार्थ अस्पताल की गली के सामने एक गली में करीब 50 घर हैं। यहां घरों से आ रहे गंदे पानी का निकास नहीं है। जिससे सड़क पर जलभराव रहता है। पूर्व में मोहल्ले वालों ने एक खाली भूखंड में गड्ढा खोद कर घरों से आ रहा गंदा पानी छोड़ने की व्यवस्था बना ली है। आलम ये है कि खाली भूखंड में भी गंदा पानी उफन कर फिर से सड़क पर आ गया है। इतना ही नहीं सड़क पर काई तक जम गई है। जिससे लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। काई जमी होने से बच्चे व महिलाएं और बुजुर्ग फिसल कर चोटिल हो जाते हैं। अन्यथा उन्हें गांव से बाहर जाने के लिए दूसरे लंबे रास्ते से होकर जाना पड़ता है। जलभराव को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सड़क पर जभराव से मच्छर पनपने लगे हैं। जिससे जानलेवा बीमारियां फैलने का अंदेशा बना रहता है। बारिश के दिनों में रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाता है।



पानी की निकासी बाधित होने पर जलभराव से गुजरता युवक।



हाइवे पर जाने के लिए जलभराव से होकर गुजरना पड़ता है। जलभराव में काई जमा होने से फिसल हो गई है। जिससे फिसलने का भय बना रहता है। कई लोग फिसल कर चोटिल भी हो चुके हैं। -चंद्रवती देवी



बारिश के दिनों में घर के दरवाजे तक जलभराव हो जाता है। जिससे छोटे बच्चों को खतरा बना रहता है। नाला निर्माण करा जलभराव की समस्या से निजात दिलाई जाए। -संगीता देवी



जल निकासी बाधित होने से जलभराव की समस्या लंबे समय से चली आ रही है। गर्मी में मच्छर पनप रहे हैं। जिससे बीमारियों के फैलने का भय बना रहता है। समस्या का समाधान कराया जाए। -सुनील कुमार



जलभराव की समस्या से ब्लॉक बनियाखेड़ा के अधिकारियों का मौखिक रुप से अवगत करा दिया गया है। स्थानीय लोगों के साथ ब्लॉक व तहसील अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंप कर समस्या समाधान की मांग की जाएगी। -ब्रजेश कुमार

# रुपये के लेन-देन को लेकर दंपती को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचारः** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव प्रहलादपुर में रुपये के लेन-देन को लेकर दंपती को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल महिला की तहरीर पर दो महिलाओं सहित चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने घायलों का उपचार सीएचसी में कराया है।

ग्राम प्रहलादपुर निवासी महिला सीमा पत्नी राकेश कुमार ने थाने में दी तहरीर में कहा कि 18 मई की शाम पांच बजे वह अपने घर में थी। उसका पति खेत पर गया हुआ था।

तभी गांव के मुकेश दिवाकर व तेजपाल पुत्र रामौतार व प्रेमवती पत्नी मुकेश दिवाकर व अंशु पुत्री तेजपाल महिला के घर में घुस आए और रुपये के लेन-देन को लेकर गाली-गलौज करने लगे। महिला ने कहा कि उसके पति व जेठ ने जो रुपये लिए थे, वह गेहूं की फसल बेचकर लौटा दिए। अब कुछ शेष नहीं बचा है। तभी चारों ने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। तभी उसका पति खेत से वापस आ गया और अपनी पत्नी को बचाने पहुंचा, तो चारों ने राकेश के साथ भी मारपीट की।

महिला अपने पति के साथ थाने पहुंची और हमलावरों के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त चारों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

# जिले में नए उद्योगों की स्थापना के लिए व्यापारियों को करें प्रेरित

## उद्योग बंधुओं की बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में मंलवार को उद्योग बंधुओं की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि उद्योग बंधुओं की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें। उद्यमियों, व्यापारियों, निवेशकों की समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाएं ताकि जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, स्वच्छता, पर्यटन, भूमि, एमओयू आदि से जुड़े मुद्दे उठाए गए?

जिलाधिकारी कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए अति संवेदनशील और गंभीर है। उद्योग प्रोत्साहन के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योग बन्धुओं की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करना सुनिश्चित करें। कहा कि जिले को औद्योगिक क्षेत्र में विकसित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। नए उद्योगों की स्थापना के लिए उद्यमियों को योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दें। उद्योगों की स्थापना के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करें।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग सहित जिले के उद्योग बन्धु विकास कुमार अग्रवाल, जुलफकार आलम, अभिषेक गोयल आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

# झोलाछापों के दो क्लिनिक किए सील, शटर गिराकर भागे आरोपी

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से झोलाछापों में हड़कंप मच गया। एसीएमओ ने सैदनगली में दो झोलाछापों के क्लीनिकों को को सील कर दिया। उन्होंने बताया कि टीवी के सौ मरीजों को पुष्टाहार किट भी वितरण की गई है।

एसीएमओ शरद कुमार ने मंगलवार को बताया कि सैदनगली स्थित मुरादाबाद क्लिनिक के संचालक हारून की आईजीआरएस द्वारा शिकायत प्राप्त हुई थी। इसके विषय में मौके पर जाकर देखा तो झोलाछाप के पास कोई भी दस्तावेज एवं योग्यता नहीं थी। मुरादाबाद क्लिनिक को सील कर दिया। जैसे ही आगे बढ़े तो जीवन हेल्थ केयर बच्चा क्लीनिक का संचालक शटर गिरकर फरार हो गया। शटर उठाकर देखा गया तो अंदर दो वर्ष की बच्ची अंशिका भर्ती थी। जब उसके परिजनों से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि वह रमपुरा जट के निवासी हैं। बच्ची को दस्त की शिकायत थी। उन्होंने बच्ची के परिजनों को 108 एवं 102 एंबुलेंस के विषय में बताते हुए सरकारी अस्पतालों में अच्छा उपचार कराने की जानकारी दी। झोलाछापों के क्लीनिकों के सील होने से ढ़क्का मोड समेत अन्य झोलाछाप क्लीनिक शटर गिरकर भाग गए।

### अवैध रूप से संचालित अस्पताल को किया सील

**अमरोहा, अमृत विचार :** जोया ब्लॉक क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अस्पताल को नोडल अधिकारी ने सील कर दिया है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह के निर्देश पर नोडल अधिकारी डॉ. शरद कुमार ने 14 मई को मोहल्ला इकबाल नगर में संचालित एक हेल्थ केयर सेंटर का निरीक्षण किया था। नोडल अधिकारी ने नोटिस जारी कर अस्पताल सील किया था। अस्पताल के संचालक अलमास ने नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं दिया।

## एक नजर

### शिविर में लोगों को पिलाया ठंडा पानी

**नगीना, अमृत विचार :** भारत स्काउट गाइड के छात्रों ने शीतल जल शिविर में लोगों को पानी पिलाया। शिविर के समापन पर ब्लॉक अध्यक्ष मास्टर यशपाल सिंह, व मनीष राणा ने कहा कि पानी पिलाना सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने स्काउट के बच्चों का उतसाहवर्धन किया और राहगीरों को शीतल जल पिलाया। ट्रेनर अशोक कुमार व स्काउट मास्टर सुनील कुमार के दो दिवसीय समापन पर राहगीरों को शीतल जल पिलाया।

### पैसेंजर ट्रेन से कटकर छह गोवंश की मौत

**हल्दौर, अमृत विचार :** मंगलवार सुबह 10 बजे रेलवे मार्ग पर ग्राम मोहनपुर के समीप नजीबाबाद-गजरौला पैसेंजर ट्रेन से कटकर छह गोवंश की मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर सभी गोवंश के शवों को दबवा दिया।

### राजीव गांधी ने की थी कंप्यूटर युग की शुरूआत

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** नगर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने सहानपुर में स्थित पीस मॉडल स्कूल में मंगलवार को राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद के पूर्व नगर अध्यक्ष एम अकरम खान ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यकाल में राजीव गांधी ने अनेक योजनाएं चलाईं। देश में कंप्यूटर युग की स्थापना, महिलाओं को आरक्षण, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन आदि योजनाएं चलाईं। युवाओं को रोजगार दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। युवा कांग्रेस कमेटी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ने कहा कि राजीव गांधी पहली बार अमेठी से लोकसभा का चुनाव जीते थे। इस दौरान नगर अध्यक्ष मकसूद अहमद, जिला सचिव राकेश शर्मा, अभिनव अग्रवाल, गोविंद सिंह, मोनिका शर्मा, समा परवीन, निशा परवीन, नीलम रानी आदि रहे।

### रामलीला मैदान में 25 मई को होगा जागरण

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट (रजिस्टर्ड) की ओर स एक बैठक हुई। इसमें बताया कि 25 मई को नगर के टीला मंदिर स्थित रामलीला मैदान में श्री खाटू श्याम बाबा भव्य जागरण महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, संतोष कुमार गुप्ता, सौरभ कश्यप, निशांत अग्रवाल आदि रहे।

# गैस भरते समय स्कूल की वैन में लगी आग, अफरा तफरी

संवाददाता, बढ़ापुर

**अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ले में एक स्कूली वैन में गैस भरते समय आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आग की चपेट में आने से एक पशु गंभीर रूप से झुलस गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की सहायता से आग पर काबू पाया। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तब तक आग पर काबू पाया जा चुका था। बताया गया कि मंगलवार को नगर के मोहल्ला कोठी बाजार में एक वैन में आग लग गई। मोहल्ला कोठी बाजार स्थित मास्टर मोहम्मद नाजिम के मकान के बाहर ग्लोबल मॉडर्न एकेडमी की एक वैन व एक छोटा हाथी वाहन से बच्चों को लाया और ले जाया जाता था। मंगलवार को वैन में गैस भरते समय एलपीजी गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसके चलते हुए वैन के पास में खड़ा मैजिक वाहन भी धू धू कर जलने लगा। पास में बंधी एक कटिया भी झुलस गई। घटना की सूचना के बाद बढ़ापुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के घरों से सबमर्सिबल चालू कराए और नगर पंचायत के पानी के टेंकरों से आग पर पानी, मिट्टी डालकर काबू पा लिया। गनीमत रही कि मंगलवार को स्कूलों की छुट्टी होने के कारण वैन में कोई बच्चा सावर नहीं था।



आग बुझाते लोग।



फीता काटकर निशुल्क शिविर का आरंभ करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

# कैंसर से बचाव की दी जानकारी

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** अल अजहर एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को हलवाइयों के पंचायती घेर में आयोजित निशुल्क कैंसर परामर्श शिविर लगाया गया। इसमें डॉ. मीनू गुप्ता ने कहा कि आजकल कैंसर रोग बहुत तेजी के साथ बढ़ रहा है। केमिकल युक्त फास्ट फूड, खाना, स्तन की गाठ, बच्चेदानी की रसौली, पुराने जख्म को सामान्य बीमारी समझकर समय रहते उसका इलाज न करना मुख्य कारण है। शिविर में 70 लोगों के सेहत की जांच की गई।

डॉ मीनू गुप्ता ने डॉक्टरों व मरीजों से कहा कि अब कैंसर लाइलाज नहीं है, यदि पहली, दूसरी स्टेज पर उसकी सही जांच कर ली जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर से डरे नहीं बल्कि उसका तुरंत उपचार कराए। कैंसर की बीमारी महिलाओं में सर्वाधिक पाई जा रही है। युवाओं को पान, बीड़ी, सिगरेट, गुटका, खैनी, तंबाकू आदि का सेवन न करने की सलाह दी। कार्यक्रम संयोजक हाफिज अतहर हसन, डॉ. वकार अहमद, शिखा भट्ट, बबीता रानी आदि ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान हाजी अनिसुर्रहमान, मीनाक्षी, संध्या, रुकय्या परवीन, शालिनी, इकरा रहमान, डॉ. शशांक, डॉ. हकीम सलीम, डॉ. मुस्तकीम आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### मुजफ्फरपुर में टीम ने की विकास कार्यों की जांच

**नहटौर, अमृत विचार :** चार वर्ष पूर्व की गई शिकायत की जांच करने पहुंची टीम को देखकर ग्रामीण सकते में रह गए। इस वर्ष शिकायत फाइलों में दबकर रह गई थी। इन चार वर्षों में ग्राम प्रधान का कार्यकाल भी बदल गया। आंकू विकास खंड की ग्राम पंचायत मुजफ्फरपुर में वर्ष 2018-19 के विकास कार्यों की जांच के लिए जनवरी 2020 में ग्रामीण रामपाल सिंह, कक्कू सिंह, शेर सिंह, सुक्खे सिंह ने शिकायत की थी। लेकिन उनकी शिकायत की जांच नहीं हुई। ग्राम प्रधान नंदराम सिंह द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच की मांग की गई थी। ग्राम प्रधान का कार्यकाल समाप्त होने पर शिकायतकर्ताओ ने भी जांच की आस छोड़ दी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नौशाद अहमद, जेई प्रवीण कुमार की टीम ने गांव पहुंचकर वर्ष 2018-19 में कराए गए विकास कार्यों की जांच की।

### किसान की हत्या का आरोपी हवलदार गिरफ्तार

**धामपुर (बिजनौर), अमृत विचार :** गांव मटौरा दुर्गा में रंजिशन किसान की कार से कुचलकर हत्या करने वाले एक आरोपी आर्मी के हवलदार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वारदात में प्रयुक्त कार भी बरामद की है। दो दिन पहले गांव मटौरा दुर्गा का किसान पुखराज सिंह अपने खेत में काम कर रहा था। जब पुखराज गांव के पास ही सड़क पर आया तो कार से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। बताया जाता है कि पुखराज की बेटी अंजलि की शादी शिवालाकला क्षेत्र के गांव सीमला निवासी प्रदीप से हुई थी। दोनों में मनमुटाव होने पर अंजलि अपने पिता के घर रह रही थी। उसने ससुरालियों के खिलाफ 17 मुकदमे दर्ज कराए थे। इस रंजिश को लेकर उसकी कार से कुचलकर हत्या करने की योजना बनाई थी। कार से कुचलने का उद्देश्य वारदात को सड़क दुर्घटना दिखाना था। इस मामले में रेनू पत्नी उपेंद्र निवासी मटौरा दुर्गा की ओर से जयदीप, पिंटू, ऋषिपाल व एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

### टीम ने 50 क्विंटल लकड़ी पकड़ी

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** वन विभाग के अधिकारियों ने 50 क्विंटल प्रतिबंध लकड़ी पकड़ ली। वन विभाग की संयुक्त टीम में डिप्टी रेंजर मनीष मुरादाबाद से संजीव जौहरी व नजीबाबाद एसडीओ राजीव कुमार व बढ़ापुर रेंजर जितेंद्र यादव मौके पर पहुंचे। श्याम सिंह निवासी मोहल्ला ठाकुरान, कादिर निवासी मोहल्ला नई कॉलोनी, राशिद निवासी मोहल्ला बाजार की टाल पर छापे मारे। विजय सिंहपुर रेंजर जितेंद्र यादव ने बताया कि 50 क्विंटल लकड़ी को बरामद किया गया है।

### दहेज न देने पर पति ने दिया तीन तलाक, रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला नौगजा निवासी अहसान अहमद की बेटी शहनाज की शादी मोहल्ला काला कुआं निवासी मुदस्सिर के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर उसे मारा पीटा। आरोप है कि 15 मई की रात को शहनाज अपने मायके से ससुराल गई थी। इस दौरान पति और ससुराल वालों ने दहेज में बाइक और एक लाख रुपये लाकर देने की बात कही। विरोध करने पर पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर पति समेत 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दूधिया ने युवती को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**अमरोहा, अमृत विचार :** दूधिया ने युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। निकाह करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजनों की गैरमौजूदगी में कई बार उसने युवती को ले जाकर दुष्कर्म किया। जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो वह मुकर गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला कोतवाली डिडौली क्षेत्र के एक गांव का है। दरअसल यहां एक किसान का परिवार रहता है। आरोप है कि गांव निवासी एक युवक किसान के घर दूध लेकर आता था। इस दौरान उसने किसान की 22 वर्षीय बेटी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। बाद में शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बताई। परिजन उसे लेकर थाने में पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

### जीवन के लिए पर्यावरण को बचाना जरूरी: अजय



कार्यक्रम में मौजूद राकेश जैन, अजय टंडन व अन्य।

**अमरोहा, अमृत विचार :** राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल में मंलगवार को प्राकृतिक सम्पदा संरक्षण समिति अमरोहा एवं नारी एवं बाल उत्थान समिति ने कार्यक्रम कराया। इसमें नुक्कड़ नाटक से पर्यावरण व जल संरक्षण के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पर्यावरण एवं जल संरक्षण गतिविधि के राष्ट्रीय सहप्रमुख राकेश जैन ने कहा कि हमें पर्यावरण को बचाने के लिए सोचने की आवश्यकता है। अध्यक्ष अजय टंडन ने कहा कि हमारे जीवन के लिए पर्यावरण को बचाना जरूरी है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी मायाशंकर, मुख्य विकास अधिकारी, पालिकाध्यक्षा शशि जैन, पंकज मित्तल, सुधांशु विश्नोई, डॉ. पंकज बादल आदि रहे।

### स्कूल में फन-डे पर बच्चों ने की मस्ती

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित विद्यालय गोल्डन पेटल्स इंटरनेशनल स्कूल में परीक्षा के अंतिम दिन फन-डे मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने खूब मनोरंजन किया। स्कूल में मंगलवार को मौज-मस्ती दिवस का आयोजन किया गया। इसमें रस्सी खींच, म्यूजिकल चेयर, जिंक जेक रेस कराई। बच्चों को मूवी भी दिखाई गई। इस दौरान विद्यालय के चैयरमैन खुर्रम आजाद खान, सबा आमिर, सदफ फातिमा, सौफिया, मोहम्मद अली उपस्थित रहे।

### जानकी मंदिर में हुआ पंचमुखी हनुमान का संकीर्तन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर के कंजन बाजार स्थित प्राचीन राम जानकी मंदिर बाबा के बाग में मंगलवार को पंचमुखी हनुमान का संकीर्तन हुआ। मंदिर के पुजारी पुष्प संदीप तिवारी, प्रवीण मित्तल व सारणी मित्तल ने दरबार में पूजा-अर्चना कराई और हनुमान की आरती की। भजन गायक राजेन्द्र निराला ने छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना, कहते हैं लोग इसे राम का दीवाना, रंग बरसे दरबार श्याम तेरे रंग बरसे सुनाया। विपीन सचदेवा ने भी भजनों से प्रभु राम की महिमा का बखान किया। पुजारी ने कहा कि पुण्य कर्मों के बाद मनुष्य को जीवन मिला है। इस दौरान अक्षय अग्रवाल, कुसुम, लता गोयल, आशीष अग्रवाल, दिव्यांग अग्रवाल, पारस गर्ग, नवीन दीक्षित, हर्ष भटनागर, यश अग्रवाल, छत्रपाल सैनी व नीतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### ढक्का में भूमि बेचने की शिकायत पर पहुंची टीम

**सैदनगली, अमृत विचार :** ढक्का निवासी अब्दुल सत्तार ने मुख्यमंत्री को एक पत्र भेजा। इसमें कहा कि सार्वजनिक भूमि बेची जा रही है। अपर आयुक्त मुरादाबाद, अपर जिलाधिकारी बंदोबस्त अधिकारी जांच करने पहुंचे और सार्वजनिक भूमि की जांच की। शिकायतकर्ता अब्दुल सत्तार ने आरोप लगाया कि ढक्का ड्रेन के नाम से फर्द खतौनी में दर्ज है, जो आकिब पुत्र अलीवारिस ने ढक्का के लोगों को बेच दी है। सार्वजनिक तालाब की जमीन को लेकर भी आरोप लगाया है। मंगलवार को अपर जिलाधिकारी और बंदोबस्त अधिकारी, एसडीएम हसनपुर लेखपाल ने मौके पर जाकर जांच की।

### ईरान के राष्ट्रपति की मगफिरत के लिए की दुआ

**सैदनगली, अमृत विचार :** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी समेत नौ लोगों की हेलीकॉप्टर क्रेश में सोमवार को हुई मौत की खबर मिलते ही क्षेत्र में गम का माहौल हो गया। सैदनगली के शिया जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना कम्बर अली ने जौहर की नमा के बाद मस्जिद में दुआ कराई। उनकी मगफिरत के लिए दुआ मांगी। मौलाना ने कहा कि इब्राहीम रईसी न सिर्फ ईरान के राष्ट्रपति थे, बल्कि पूरी दुनिया के बड़े शिया धर्मगुरुओं में से एक थे। भारत से उनके अच्छे संबंध थे। इंसानियत के लिए किए गए उनके कार्यों को दुनिया हमेशा याद रखेगी। उनका निधन सिर्फ शिया समाज ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत का नुकसान है। मुस्लिम जगत ने एक बेबाक, जिंदादिल और हमदर्द रहनुमा खोया है। हादसे को लेकर गमगीन लोगों ने व्हाट्सऐप, फेसबुक व इंस्ट्राग्राम पर स्टेट्स में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी का वीडियो व फोटो लगाकर अलविदा रहनुमा के साथ खिराजे अकीदत पेश की।

# ढोलक कारखाने में आग से नुकसान



आग लगने के बाद जली हुईं ढ़ोलक।

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तकिया मोती शाह स्थित ढोलक के कारखाने में शॉर्ट सर्किट आग लग गई। इससे लोगों में अफरा तफरी मच गई। घटना में कई लाख का नुकसान हुआ है।

यहां कांकर सराय-डिडौली रोड पर नावेद पुत्र रहीस अहमद का माया धर्म कांटे के पास ढोलक बनाने का कारखाना है। सोमवार रात नौ बजे शॉर्ट सर्किट से कारखाने में आग लग गई। धुएं के गुबार और आग की लपटें देख घरों में मौजूद लोग बाहर निकल आए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हालांकि आग लगने से कारखाने की इमारत दरक गई और ढोलक की खेप जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि कारखाने में आग बुझाने के इंतजाम नहीं थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से कारखाने में आग लगी थी। मामले की जांच की जा रही है। कारखाने में लगी आग से ढोलक व लकड़ियां जल गई हैं। नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है।

### डंपिंग स्थल पर कूड़े में लगी आग, धुएं से हुई दिक्कत

**हसनपुर, अमृत विचार :** ग्राम शाहपुर कला स्थित कचरा डंपिंग स्थल में पड़े कूड़े में मंगलवार दोपहर को आग लग गई। आग लगने से आसपास के क्षेत्र में धुआं फैल गया। पालिका कर्मचारियों ने मामले की सूचना नगर पालिका कार्यालय और दमकल विभाग को दी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। ग्राम शाहपुर कला स्थित कचरा डंपिंग साइट पर लगी आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। नगर में डोर टू डोर कचरा इकट्ठा करने के बाद नगर परिषद डंपिंग साइट पर पहुंचाता है। कचरे के ढेर में मंगलवार दोपहर को आग लग गई और आसपास क्षेत्र में धुआं फैल गया। खेत मालिकों का कहना है कि डंपिंग साइट पर कचरे के ढेर के कारण उन्हें परेशानी हो रही है। यहां पर कोई व्यवस्था नहीं है। गर्मी के कारण रोजाना यहां पर आग लगती है और धुआं फैलता है। नगर पालिका कार्यालय में तैनात कर्मी बाबू करन सिंह ने बताया कि कचरा डंपिंग साइट पर आग लग गई थी, गर्मी के कारण कचरे में आग लग जाती है। दमकल विभाग एवं कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया है।

## बाइक सवार युवक के पेट में घोंपा चाकू

**अमरोहा, अमृत विचार :** तीन आरोपियों ने बाइक सवार युवक के पेट में चाकू घोंप दिया। इससे गंभीर घायल युवक को हायर सेंटर रेफर कर किया गया है। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

यह मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के कैलसा रोड का है। दरअसल मोहल्ला दरबारे कला निवासी इदरीश अहमद का आरोप है कि सोमवार रात उनका बेटा खालिद अपने दोस्त के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान कैलसा रोड पर रौनक वाटिका होटल के पास मोहल्ले के ही निवासी आतिफ, अंशु व एक अज्ञात युवक ने उनकी बाइक रोक ली। तीनों ने 10 दिन पहले बाइक से टक्कर लगने के विवाद को लेकर मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियों ने खालिद के पेट में चाकू घोंप दिया। वह घायल होकर सड़क पर गिर गया। परिजनों ने उसे पहले शहर के सीएचसी में भर्ती कराया।

# रेल ट्रैक के किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** रेलवे ट्रैक के किनारे अज्ञात युवक का शव मिला। पुलिस ने शव मोर्चरी भेज दिया। पुलिस शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी है।

सोमवार देर रात बृजघाट रेलवे पुल से 600 मीटर पहले रेल ट्रैक के किनारे एक युवक का शव मिला था। लोको पायलट ने इसकी सूचना विभागीय कर्मचारियों को दी थी। सूचना मिलने पर बृजघाट पुलिस चौकी की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। प्रथम दृष्टया ट्रेन से गिरकर युवक की मौत होने का अंदेशा जताया जा रहा है। क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि शव मोर्चरी के लिए भेज दिया गया है। उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### कपड़ा बेचने वाले युवक की हार्टअटैक से मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कुरैशियान निवासी शाहनवाज कुरैशी फेरी लगाकर साड़ियां बेचता था। सोमवार रात उसे हार्ट अटैक आ गया। परिजनों ने उसे चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। परिजन उसे उपचार के लिए दिल्ली के अस्पातल में ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में शाहनवाज ने दम तोड़ दिया। उसने अपने पीछे एक बेटी व पत्नी को रोते बिलखते छोड़ा है। गमजदा माहौल में उसे सुपुर्दे खाक कर दिया गया। उसकी मौत से परिवार में काहराम मचा हुआ है।



### बगद नदी के साथ छोया का भी होगा जीर्णोद्धार

**अमरोहा, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने गजरौला विकासखंड क्षेत्र में विलुप्त हो चुकी छोया नदी का खंड विकास अधिकारी गजरौला और क्षेत्रीय लेखपाल के साथ निरीक्षण किया। जीर्णोद्धार कराने को सफाई शुरू कराई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि छोया नदी हाइवे के पास है। इसके एक हिस्से को झील का रूप देकर पिकनिक स्पॉट के रूप में बनाया जाएगा। शेष हिस्से की खोदाई कराकर जीर्णोद्धार कर नदी का स्वरूप दिया जाएगा। कहा कि लगभग सात से आठ किलोमीटर लंबाई में इस नदी का स्वरूप मिला है। कुछ जगह अतिक्रमण है। इसे ड्रोन सर्वे कराकर नक्शे के आधार पर जीरोद्धार कराया जाएगा। गंगा के क्षेत्र में चार नदियां मिली हैं। इन नदियों में यगद नदी, छोया नदी, मतवाली नदी आदि हैं। ये सभी नदियां बगद नदी की सहायक हैं।

### व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की हुई बैठक

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के पुराना डाकघर मार्ग स्थित साई फर्नीचर हाउस में मंगलवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की बैठक हुई। इसमें संगठन के प्रदेश संयोजक मनोज टंडन ने कहा कि प्रदेश में एकमात्र संगठन है, जो व्यापारी के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने पदाधिकारी से अपील की कि संगठन को और मजबूत करें। इस दौरान प्रदेश संयोजक मनोज टंडन, प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता, समीर खान, मुकेश गुप्ता, पंकज भटनागर, राजू यादव, तरुण अग्रवाल, सचिन गुप्ता, आयुष रस्तोगी आदि व्यापारी मौजूद रहे।



संस्थान की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नोलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (आगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

